*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
14 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 203
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




### लोकसभा चुनाव के चौथे और झारखंड के पहले चरण में खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम, पलामू में शांतिपूर्ण मतदान

# शाम पांच बजे तक मतदान 63.14 फीसदी रहा

## ■ सबसे अधिक सिंहभूम में 66.11 प्रतिशत, पीछे-पीछे खूंटी | ■ सबसे कम पलामू 59.99 प्रतिशत मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण और झारखंड के पहले चरण का सोमवार को मतदान शातिपूर्ण समाप्त हो गया। झारखंड की चार लोकसभा सीटें खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक चारों संसदीय क्षेत्र में 63.14 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे अधिक सिंहभूम और सबसे कम पलामू में मतदान हुआ। इस दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के छह मामले दर्ज हुए। वहीं मामूली झड़प के दो मामले भी दर्ज हुए हैं।

**तीन सांसद और दो विधायकों की किस्मत दांव पर:** झारखंड में पहले चरण की चार सीटों पर 45 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच ही हुई। फैसला 4 जून को होगा। पहले चरण के चुनाव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित तीन वर्तमान सांसदों अर्जुन मुंडा, गीता कोड़ा और वीडी राम) तथा दो विधायकों जोबा मांझी तथा चमरा लिंडा की किस्मत दांव पर लगी है। सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वोटर टर्नआउट सर्वाधिक 66.11 प्रतिशत रहा। वहीं खूंटी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा में 62.60 और पलामू में 59.99 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी। शिल्पी नेहा तिर्की पर आरोप है कि मतदान केंद्र के बाहर सभा कर रही थी। इसको लेकर आइपीसी की धारा 188 और 126 के तहत केस दर्ज किया गया है।




**मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोगों ने डाला वोट:** सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में सुबह से ही बूथों पर लंबी लाइन लगी थी। महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग वोटर्स उत्साहित दिख रहे थे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला खरसावां में अपने परिवार के साथ वोट डाला। इसके अलावा अर्जुन मुंडा, गीता कोड़ा, जोबा मांझी, वीडी राम, सुखदेव भगत, सुदर्शन भगत, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद इंदर सिंह नामधारी समेत कई नेताओं ने मतदान किया।

**कई जगह यूनिक बूथ बनाये गये थे:** चारों लोकसभा क्षेत्रों में कई जगह यूनिक बूथ बनाये गये थे। खूंटी के तोरपा प्रखंड की सुदूरवर्ती पंचायत फटका स्थित लोहाजीमी आंगनबाड़ी केंद्र को यूनिक बूथ बनाया गया था। इस बूथ पर जनजातीय परंपरा और ग्रामीण संस्कृति की झलकियां देखने को मिलीं। मतदान शुरू होते ही इस बूथ के मतदाताओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसी तरह चारों लोकसभा क्षेत्रों में अलग-अलग तरह से मतदाताओं का स्वागत किया गया।

**सारंडा में माओवादियों ने बहिष्कार किया:** भाकपा माओवादियों ने चाइबासा के सारंडा जंगल के गांवों के मतदाताओं को बूथ स्थल पर जाने से रोकने के लिए अहले सुबह सारंडा जंगल के छोटानागरा थाना और दीघा पंचायत अंतर्गत हतनाबुरु-मारंगपोंगा के बीच मुख्य ग्रामीण सड़क पर दो जगह पेड़ काट कर गिरा दिया। इतना ही नहीं, चुनाव बहिष्कार संबंधित बैनर भी लगा दिया था। हालांकि लोगों ने उसकी परवाह नहीं की और मतदान करने पहुंचे।

### 10 राज्यों की 96 सीटों पर 62.56% हुआ मतदान

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर मतदान हुए। शाम पांच बजे तक 62.56% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 75.72% और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 35.97% मतदान हुआ। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओड़िशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हुआ। चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हुई है।

### मोदी आज करेंगे नामांकन, पहुंचे वाराणसी

# प्रधानमंत्री के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



- हर-हर मोदी, घर-घर मोदी से गूंजा शहर
- नामांकन से पहले अस्सी घाट पर स्नान और ध्यान करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी से अपना नामांकन भरेंगे। इससे पहले सोमवार की शाम वह वाराणसी पहुंचे। यहां रोड-शो किया। रोड शो में भारी संख्या में लोग जुटे। मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग आतुर थे। हर तरफ से हर-हर मोदी, घर-घर मोदी के नारे गूंज रहे थे।

**गूंजा शंख और शहनाई; हर-हर महादेव के उद्घोष:** प्रधानमंत्री ने रोड शो की शुरुआत बीएचयू गेट पर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शाम पांच बजे शुरू किया। वह अस्सी के रास्ते गोदौलिया होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर तक गये। यहां दर्शन-पूजन किया। लगभग चार घंटे में पांच किमी के इस रास्ते को तय किया। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाथ हिला कर अभिवादन किया। रोड शो में वाराणसी ही नहीं प्रदेश के कई प्रमुख शहरों से आये लोग शामिल हुए। मौजूद लोग हर-हर मोदी, घर- घर मोदी की आवाज लगा रहे थे। हर-हर महादेव का उद्घोष हो रहा था। रंग- बिरंगी लाइटों से सजे घरों की छतों पर मोदी का रोड शो देखने के लिए महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खड़े दिखे। रोड शो के मार्ग पर जगह-जगह विभिन्न समाज के मंच स्वागत के लिए सजाये गये थे। हर तरफ शंख और शहनाई गूंज रही थी। रोड शो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

**18 से ज्यादा अधिक कैबिनेट मंत्री मौजूद रहेंगे:** जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मंगलवार को सुबह करीब 11.40 पर नामांकन करेंगे। इस मौके पर 18 से ज्यादा अधिक कैबिनेट मंत्री मौजूद रहेंगे। साथ ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 12 राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। मोदी नामांकन से पहले अस्सी घाट पर स्नान और ध्यान करेंगे। इसके बाद वह काल भैरव मंदिर में जाकर दर्शन करेंगे।

### मोदी आज गिरिडीह आयेंगे, 19 मई को घाटशिला में कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को गिरिडीह आ रहे हैं। यहां वह बिरनी में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह करीब 1.30 बजे वारणसी से नामांकन करने के बाद यहां पहुंचेंगे। मोदी एनडीए गठबंधन की ओर से गिरिडीह में आजसू प्रत्याशी सीपी चौधरी के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। भाजपा और आजसू ने प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी पूरी कर ली है। उधर, मोदी का 19 मई को घाटशिला के मउभंडार में कार्यक्रम है। यहां वह जमशेदपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में प्रचार के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### सीबीएसइ का 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दया। इस साल कक्षा 10वीं का पास प्रतिशत 93.60% रहा है। वहीं कक्षा 12वीं में 87.98% छात्र सफल हुए हैं। इनमें 94.25%. लड़कियां और 92.27% लड़के पास हुए हैं। वहीं, 12वीं में इस साल करीब 18 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस साल का कुल पास प्रतिशत 87.98% रहा है। इनमें लड़कियों का पास प्रतिशत 91.52 और लड़कों का पास प्रतिशत 85.12 रहा।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने बरही और लातेहार में जनसभा को संबोधित किया

# इस बार मोदी सरकार का लौटना नामुमकिन: खड़गे

- हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर भी बरसे कांग्रेस अध्यक्ष

प्रभाकर पाठक/मुकेश सिंह

**बरही/लातेहार (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीतते हैं, तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। हालांकि उन्होंने मोदी के दोबारा नहीं लौटने का भी दावा किया। खड़गे ने कहा कि चौथे चरण में आइएनडीआइए गठबंधन के पक्ष में भारी मतदान हुआ है। भाजपा सरकार का दोबारा लौटना असंभव है। खड़गे ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि साहस है तो वह अडाणी और अंबानी को गिरफ्तार करके दिखायें। खड़गे सोमवार को बरही और लातेहार में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हजारीबाग में इंडी गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल और चतरा में महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

**भाजपा जुमलेबाजों की सरकार है:** खड़गे ने कहा कि भाजपा जुमलेबाजों की सरकार है। जिस प्रकार से आप लोगों ने गठबंधन की सरकार बना कर झारखंड को बचाया है, उसी प्रकार इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार को उखाड़ कर फेंकना है। गठबंधन की सरकार बनानी है। देश को गुलामी से बचाना है तो कांग्रेस पार्टी को अपना वोट दें। साथ ही कहा कि यदि मोदी को हटाना है, तो भाजपा को हराना होगा। इसलिए सभी पार्टियों ने एकजुट होकर भाजपा को हराने के लिए संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार यह कहती है कि कांग्रेस की सरकार ने 70 सालों में क्या किया। अब उसको बदल कर 55 साल कहने लगे हैं। तो हम बता देते हैं कि हमने 70 सालों में या 55 सालों में जो कार्य किया है, उसको ही लेकर आप आज 10 सालों से सत्ता में काबिज हैं। नरेंद्र मोदी एक आम आदमी हैं। जो बिल्कुल मेरी तरह हैं, परंतु वह आरएसएस की भाषा बोलते हैं। आरएसएस की जो विचारधारा है, उसी से उनकी पार्टी भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चलते हैं।

**चौथे चरण में इंडी गठबंधन आगे:** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में भारी मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार मोदी सरकार का आना नामुमकिन है। बिहार, झारखंड, यूपी, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पंजाब, राजस्थान समेत तमाम राज्यों में भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। भाजपा 400 पार का नारा देकर लोगों को गुमराह कर रही है। उनके नारे को लोगों ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर ठग रही है, किसान बेहाल हैं। काला धन लाने के नाम पर जनता से वोट मांगा था, लेकिन आज तक काला धन लाने में नाकाम रही। अपने वादे के मुताबिक कोई भी काम मोदी सरकार ने नहीं किया। इस बार जनता ने ठान लिया है कि मोदी सरकार को बाहर का रास्ता दिखा देना है।

**हेमंत सोरेन भाजपा में नहीं गये, इसलिए जेल में डाला :** खड़गे ने कहा कि हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने भाजपा के साथ जाने से इनकार कर दिया। इन्होंने ऐसी लॉन्ड्री खोल रखी है कि कलंकित और भ्रष्ट आदमी भी उनके पास जाकर क्लीन हो जाता है। उस व्यक्ति को भी भाजपा ने मंत्री बनाये रखा और फिर से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा, जिसके बेटे ने अपनी गाड़ी से चार किसानों को कुचल डाला था। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही हेमंत सोरेन और तमाम ऐसे नेताओं को जेल से छुड़ाने का रास्ता खुलेगा, जिन्हें झूठे आरोपों में जेल में डाल दिया गया है। हमारी सरकार बनते ही महिलाओं से युवाओं तक और गरीबों से किसानों तक का कल्याण होगा।




### झारखंड समेत पूरे देश में चुनाव की हवा बदल चुकी है: कल्पना

**बरही/लातेहार (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के इस मौसम में भी जनता का जोश अद्भुत है। इस बार लोकसभा का चुनाव जनता लड़ रही है, तानाशाही ताकतों के खिलाफ। देश में दस साल शासन करनेवाली केंद्र सरकार की जुमलेबाजी, सर्कस और करतब को सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से 2019 में आपके बेटे और भाई हेमंतजी ने राज्य में गठबंधन सरकार बनयी, लोगों को अधिकार देना शुरू किया। यह सब तानशाही ताकतों को बर्दाश्त नहीं हुआ। इनको लगा कि झारखंड को मदद नहीं देंगे, तो राज्य आगे नहीं बढ़ पायेगा। हेमंतजी ने रोटी, कपड़ा और मकान सुनिश्चित करने के साथ-साथ कई योजनाओं से लाखों लोगों को जोड़ने का काम किया। आज तानशाही ताकतों के षड्यंत्र के कारण हेमंतजी जेल में हैं, मगर उनके सिपाही, आइएनडीआइए गठबंधन के सिपाही आप सभी के बीच, दिल्ली में आपकी आवाज उठाने के लिए आपके बीच आये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हेमंत सोरेन को अपने पाले में लाने का प्रयास किया था। वह नहीं झुके, तो इडी का इस्तेमाल कर जेल भेज दिया। इस बार भाजपा की सरकार बनी, तो संविधान और लोकतंत्र को समाप्त कर देगी। भाजपा गरीबों की पार्टी नहीं है। वह दलित के आरक्षण को भी समाप्त करने के प्रयास में है। कांग्रेस पार्टी कभी दलितों के आरक्षण को मिटने नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी यदि सरकार बनाती है, तो महिलाओं को एक लाख सालाना देने का काम करेगी। भाजपा धर्म के नाम पर देश को लूट रही है। उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर रही है, पर गरीबों का कर्ज माफ नहीं कर रही। पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से चतरा से प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और हजारीबाग से प्रत्याशी जेपी पटेल को जीता कर इंडी गंठबंधन का हाथ मजबूत करने की अपील की।

### गोड्डा से प्रदीप यादव ने नामांकन दाखिल किया



गोड्डा (आजाद सिपाही)। गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के लिए प्रदीप यादव साइकिल से समाहरणालय तक पहुंचे। नामांकन के बाद मेला मैदान में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। गोड्डा में 1 जून को मतदान है। यहां से भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे प्रत्याशी हैं। नामांकन के बाद मेला मैदान में जनसभा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद थे।









# झारखंड में भी नहीं टूट सका मतदान का रिकॉर्ड

## ■ सबसे अधिक सिंहभूम में डाले गये वोट, खूंटी एकदम पीछे-पीछे

## ■ पलामू संसदीय क्षेत्र में सबसे कम मतदाता बूथों तक पहुंच सके

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में सबसे बड़ी पंचायत, यानी संसद की निचले सदन लोकसभा के लिए चल रहे 18वें आम चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को समाप्त हो गया। इस चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई। इनमें झारखंड की चार सीटें भी शामिल हैं। इस चरण में 1717 प्रत्याशियों की किस्मत को देश के करीब 17 करोड़ मतदाताओं ने इवीएम में बंद कर दिया है। देश भर में चल रही गर्म हवाओं के थपेड़ों के बीच चौथे चरण में भी पिछली बार की तुलना में कम मतदान हुआ। इतना ही नहीं, पिछले तीन चरणों के मुकाबले भी इस बार कम वोटिंग हुई। चौथे चरण में झारखंड समेत किसी भी राज्य में पिछली बार के मुकाबले अधिक मतदान नहीं हुआ, हालांकि सोमवार को सबसे अधिक मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ। उसके बाद मध्यप्रदेश और आंध्रप्रदेश में वोटिंग हुई, लेकिन सभी राज्यों में भी पिछली बार के मुकाबले कम मतदान हुआ है। झारखंड की जिन चार सीटों पर मतदान हुआ, उनमें सबसे अधिक सिंहभूम में और सबसे कम पलामू में वोट डाले गये। इनमें से तीन सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों में गिर रहे मतदान प्रतिशत ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की टेंशन बढ़ा दी है। चुनाव आयोग ने भी कम हो रहे मतदान प्रतिशत के कारणों का पता लगाने का काम शुरू कर दिया है। आम तौर पर मौसम को कम मतदान का कारण बताया जा रहा है, लेकिन जानकार इसका अलग मतलब निकाल रहे हैं। चौथे चरण में कहां कितना हुआ मतदान और क्या है कम मतदान का मतलब, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इस समय अपनी 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त है। कुल सात चरणों में होनेवाले इस चुनाव का चौथा चरण सोमवार को संपन्न हुआ, जिसमें 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 96 सीटों पर वोट डाले गये। मतदान के आरंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि इस बार भी 2019 की तुलना में कम मतदान हुआ। इतना ही नहीं, पिछले तीन चरणों के चुनाव के मुकाबले इस बार सबसे कम मतदान हुआ है। चौथे चरण में झारखंड की चार सीटों, खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में भी वोट डाले गये और पिछड़ा माने जानेवाले इस राज्य ने भी मतदान का पिछला रिकॉर्ड नहीं तोड़ा।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के चौथे चरण में हुए मतदान के आरंभिक आंकड़ों के मुताबिक करीब 17 करोड़ वोटरों में से 63 फीसदी ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और 1717 उम्मीदवारों की किस्मत को इवीएम में बंद कर दिया है। इस चरण के साथ ही देश भर में कुल 378 सीटों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। पिछले तीन चरणों की तरह इस चरण में भी कम मतदान चर्चा का विषय बन गया है।

### लगातार कम हो रहा है मतदान

चौथे चरण में कुल 63 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह आरंभिक आंकड़ा है और चुनाव आयोग ने कहा है कि इसमें बदलाव हो सकता है। इस बार लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग में 65.5 प्रतिशत वोट डाले गये थे। दूसरे चरण में 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था, जबकि तीसरे चरण में 64.68 प्रतिशत मतदान हुआ। इसलिए जब तक अंतिम आंकड़े नहीं आ जाते, यही कहा जा सकता है कि इस बार पिछले तीन चरणों के मुकाबले सबसे कम मतदान हुआ। जहां तक 2019 का सवाल है, तो 2019 में इन संसदीय सीटों पर 69.86 प्रतिशत मतदान हुआ था।

पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों के लिए वोट डाले गये थे। 2019 में इन 102 सीटों 69.96 फीसदी वोट पड़े थे। दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान हुआ था। पिछले चुनाव में इन 88 सीटों पर कुल 70.09 फीसदी मतदान हुआ था। इसी तरह 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर तीसरे चरण का मतदान हुआ था। इन 93 सीटों पर 2019 में कुल 66.89 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।







### झारखंड में कम हुआ मतदान

13 मई को झारखंड की चार संसदीय सीटों पर मतदान हुआ। आरंभिक आंकड़े बता रहे हैं कि इन चार सीटों पर कुल 63.14 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह सोमवार को हुए राज्यवार मतदान में चौथा है, जबकि 2019 के मुकाबले इस बार करीब तीन फीसदी कम मतदान हुआ है। झारखंड में सबसे अधिक 66.11 फीसदी मतदान सिंहभूम में हुआ, जबकि खूंटी में 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा में 62.60 और पलामू में 59.99 प्रतिशत वोट डाले गये हैं। 2019 में खूंटी में 69.25 प्रतिशत, सिंहभूम में 69.26 प्रतिशत, लोहरदगा में 66.3 प्रतिशत और पलामू में 63.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। चौथे चरण में सबसे अधिक मतदान के मामले में पश्चिम बंगाल पहले नंबर है, जहां 75.8 प्रतिशत वोट डाले गये हैं। दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है, जहां के 72.2 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। तीसरे स्थान पर 71.6 प्रतिशत मतदान के साथ आंध्रप्रदेश है। इन तीनों राज्यों में भी पिछली बार के मुकाबले कम मतदान हुआ।

### क्या है कम मतदान का कारण

चुनाव प्रक्रिया और वोटिंग पैटर्न पर नजर रखनेवालों की मानें, तो इस बार कम मतदान का प्रमुख कारण मौसम ही है। देश भर में पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण मतदाताओं का उत्साह कम है। कम मतदान को किसी निश्चित ट्रेंड से जोड़ना सही नहीं है। लेकिन यह बात भी सही है कि राजनीति में भविष्यवाणी करना वैसे बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि मतदाताओं के मूड को समझना आसान नहीं होता है। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि कम वोटिंग प्रतिशत को आम तौर पर सत्ता पक्ष के विरुद्ध देखा जाता है। हालांकि कुछ का कहना है कि विपक्ष के कमजोर होने के कारण भी मतदान का प्रतिशत घटता है। 1980 के चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट हुई थी और जनता पार्टी की सरकार सत्ता से हट गयी। जनता पार्टी की जगह कांग्रेस की सरकार बन गयी थी। वहीं 1989 में एक बार फिर मत प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गयी और कांग्रेस की सरकार चली गयी थी और विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी थी। 1991 में एक बार फिर मतदान में गिरावट हुई और केंद्र में कांग्रेस की वापसी हो गयी। 1999 में मतदान में गिरावट हुई, लेकिन सत्ता में परिवर्तन नहीं हुआ। वहीं 2004 में एक बार फिर मतदान में गिरावट का फायदा विपक्षी दलों को मिला था। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस बार ऐसा देखने को नहीं मिलेगा। इसका प्रमुख कारण यह है कि इस बार विपक्ष कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। संगठन की कमजोरी, आक्रामक चुनाव प्रचार और अन्य संसाधनों में विपक्ष के उम्मीदवार पिछड़ रहे हैं। विपक्ष की सबसे बड़ी पूंजी मोदी विरोधी बन गयी है।

### राजनीतिक दलों की टेंशन बढ़ी

मतदान में लगातार गिरावट देश में चिंता का विषय बनी है, तो यह स्वाभाविक है। हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो औसत मतदान में गिरावट नहीं है। राज्यों और राज्यों के अंदर संसदीय क्षेत्रों में भी मतदान प्रतिशत कहीं ठीक-ठाक है, तो कहीं गिरा है। निश्चित रूप से मतदान की इन प्रवृत्तियों का आकलन कठिन बना दिया है। अभी तक 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। वर्तमान मतदान को देखते हुए अब कहा जा सकता है कि इस बार मतदान में 2019 का रिकॉर्ड नहीं टूटेगा। यह स्वाभाविक है कि जब एक बार कोई भी प्रवृत्ति ऊंचाई छूती है, तो उसके बाद उसे नीचे आना ही पड़ता है। जहां तक झारखंड की चार सीटों की बात है तो यहां यह साफ हो गया है कि प्रचार अभियान में विपक्षी उम्मीदवार पिछड़ रहे हैं। इसका कितना असर पड़ेगा, यह चार जून को ही पता चलेगा।

---

# मंत्री आलमगीर और संजीव लाल से आमने-सामने पूछताछ की तैयारी

**संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि पांच दिन बढ़ी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस कोटा से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम अगर मंगलवार को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय पहुंचेंगे, तो उनका सामना ओएसडी संजीव लाल से होगा। मंत्री को पूछताछ के लिए 14 मई को इडी ने बुलाया है।

सोमवार को इडी ने न्यायालय से अनुरोध किया कि मंत्री के ओएसडी रहे संजीव लाल और करोड़पति नौकर जहांगीर आलम को सामने बैठा कर पूछताछ करनी है। इसलिए आठ दिन की रिमांड अवधि बढ़ाई जाये। कोर्ट ने पांच दिन की इजाजत दे दी है। संजीव लाल ने पूछताछ के दौरान यह कबूला है कि वह कमीशन वसूला करता था और जहांगीर आलम पैसों का केयर टेकर था। ठेका मैनेज करने के लिए जो कमीशन की वसूली होती थी, उसकी जानकारी मंत्री और सचिव को भी रहती थी। इडी के सामने संजीव लाल ने कमीशन वसूली के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया है। अब उसी बयान को सामने रख कर मंत्री से पूछताछ की तैयारी की गयी है। साथ ही सामने बैठा कर भी पूछताछ होगी। नौकर जहांगीर आलम ने इडी को बताया है कि जिस एयरबैग में नोट मिलता था। वह उसे चुपचाप फ्लैट में पहुंचा देता था। पैसा कहां से आता था, उसको जानकारी नहीं है।





# इरशाद, तापस और संजीत की रिमांड अवधि तीन दिन बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम मामले में इडी ने हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद और कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार की रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग कोर्ट से की। कोर्ट ने इनकी रिमांड अवधि तीन दिन बढ़ा दी है। इडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। सोमवार को कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। बीते गुरुवार को इनकी गिरफ्तारी हुई थी, जिसके बाद इन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करने के दौरान इडी ने तापस, संजीत और इरशाद अख्तर को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का आग्रह किया था। बता दें कि इडी ने गुरुवार को तीनों को समन भेज कर रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। कई घंटों तक चली पूछताछ के बाद देर रात तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया था।



---

**जामताड़ा में आदिवासी महिला के साथ छेड़खानी**

# बाबूलाल मरांडी ने सीएम से की कार्रवाई की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा में आदिवासी महिला के साथ छेडखानी के मामले में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चंपाई सरकार पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी आड़े हाथों लिया है। मरांडी ने सीएम से मामले की जांच करा कर दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। मरांडी ने कहा है, जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला के साथ कपड़ा धोने के क्रम में सरफराज अंसारी नाम के व्यक्ति ने छेड़खानी की। विरोध करने पर जान से मारने का प्रयास किया।

### ये लगाया आरोप

मरांडी ने आरोप लगाते हुए कहा, हेमंत सोरेन ने अपने शासन में सिर्फ सरफराज अंसारी जैसे मनचलों की हिम्मत बढ़ाई है। पिछले साढ़े चार सालों में झारखंड में झामुमो-कांग्रेस शासन के दौरान महिलाओं विशेषकर आदिवासी युवतियों के खिलाफ अपराध की घटनाओं में वृद्धि आयी है। आदिवासी युवतियों के साथ लव जिहाद करने, जिंदा जलाने, गाड़ियों से कुचल कर मारने की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन राज्य सरकार इन मामलों में चुप्पी साधे रहती है।

बाबूलाल ने सीएम चंपाई सोरेन से मामले की तुरंत जांच कराने की मांग की है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा है कि इस मामले की अविलंब जांच हो। रांची से पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच के लिए भेजें और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। कहा, घटना के बाद पीड़ित महिला शारीरिक और मानसिक रूप से दहशत में है।

**जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा : बाबूलाल**



**रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के चार लोकसभा क्षेत्रों में संपन्न हुए शांतिपूर्ण मतदान के लिए जनता का आभार प्रकट किया। श्री मरांडी ने कहा कि जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास और भरोसा जताया है। मतदान प्रतिशत को देखते हुए यह स्पष्ट है कि जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित है। श्री मरांडी ने चुनाव आयोग, सुरक्षाबलों एवं मतदान कर्मियों का भी आभार प्रकट किया।**

---

**मल्लिकार्जुन खड़गे का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत**

# पार्टी की पांच न्याय गारंटी को जन-जन तक पहुंचायें: खड़गे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को कांग्रेसियों ने स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी कार्ड को डोर टू डोर कैंपेन के तहत जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची संसदीय सीट से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, मेहुल प्रसाद, आरुषि वंदना, इंद्रजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पैर छूकर आशीर्वाद लेतीं कल्पना सोरेन।

**हक-अधिकार की रक्षा के लिए जनता ने अपने प्रत्याशी का चयन कर लिया है : कल्पना सोरेन**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि चार सीटों पर मतदान हुआ। राज्य के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता ने झारखंड की अस्मिता और अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए अपने जनप्रतिनिधि का चयन कर लिया है। आनेवाले समय में भी जनता देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने मतों का उपयोग करेगी। कल्पना सोरेन ने सोमवार को इसे लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि यह पहली बार होगा, जब राज्य में इस महापर्व के अवसर पर झारखंडवासी हेमंत सोरेन के बगैर चुनाव में अपनी भूमिका निभायेंगे। हेमंत को जरूर अन्यायपूर्ण ढंग से जेल में बंद कर दिया गया है, मगर उनकी सोच, उनका संघर्ष और उनकी शुभकामनाएं समस्त राज्यवासियों के साथ हैं। उन्होंने लिखा है कि इस महत्वपूर्ण दिन पर आप सभी से अपील है कि भारी से भारी संख्या में अपने बूथ केंद्रों में पहुंच कर अपने हक-अधिकार की आवाज को दिल्ली पहुंचाने के लिए अपने मतों का उपयोग अवश्य करें।

# हेमंत सोरेन को नहीं दी बेल, याचिका खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** लैंड स्कैम केस के आरोपी हेमंत सोरेन को विशेष कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया। सोमवार को कोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर फैसला सुनाते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। जमानत याचिका खारिज होने से हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है। इससे पहले 4 मई को सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन और इडी की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक हुई बहस के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष यानी हेमंत सोरेन की ओर से उन्हें जमानत देने के लिए दलीलें पेश कीं। वहीं दूसरी तरफ इडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया।

## सीएम और प्रत्याशियों ने परिवार के साथ डाले वोट



सरायकेला खरसावां के जिलिंगोड़ा बूथ में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने परिवार के साथ मतदान किया।



खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ खरसावां में पूर्व प्राथमिक विद्यालय, खेलारीसाइ के बूथ नंबर 172 में मतदान किया।



जोबा मांझी ने चक्रधरपुर स्थित कारमेल बालिका मध्य स्कूल के बूथ संख्या 219 में अपने पुत्र उदय मांझी के साथ जाकर मतदान किया।



लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने अपनी मां और पत्नी के साथ विकसित लोहरदगा और विकसित भारत के लिए वोट किया! *फोटो : प्रदीप ठाकुर*

# एक परिवार, तीन पीढ़ी और तीन राजनीतिक विचारधारा

## बाबा टीएमसी में रहे, पिता भाजपा और पुत्र कांग्रेस के साथ हो गये

**राजीव**

**रांची (आजाद सिपाही)।** घर एक। परिवार एक। चूल्हा एक। पीढ़ी तीन। अब विचारधारा भी तीन। बाबा जोरा घास फूल के साथ रहे, तो पिता कमल फूल खिला कर भाजपा में सांसद हैं, अब बेटा ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं झारखंड की राजनीति में एक ऐसे परिवार की, जो हजारीबाग से संबंधित है। इस परिवार का झारखंड में खास रुतबा है। यह परिवार है यशवंत सिन्हा का। आमतौर पर कहते हैं कि पिता जो रास्ता दिखाता है, उसके बच्चे अपने जीवन में भी उसी मार्ग का पालन करते हैं, लेकिन बात अगर राजनीति की होती है, तो कई बार इसका उलट भी होता है। इस बार के लोकसभा चुनाव में इस परिवार के तीन लोग अपने घर में ही अजीबो-गरीब स्थिति का अब सामना करेंगे। इसकी वजह यशवंत सिन्हा के पोता आशिर सिन्हा हैं। आशिर सिन्हा ने सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। आप समझ सकते हैं कि घर में जब एक टेबल पर तीन पीढ़ी के लोग एक साथ राजनीतिक चर्चा करेंगे, तो क्या स्थिति होगी। कारण बाबा यशवंत सिन्हा ने भाजपा छोड़ टीएमसी का दामन थामा। महागठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ चुके हैं। वहीं पिता जयंत सिन्हा भाजपा से सांसद हैं। अब स्थिति यह है कि जयंत सिन्हा के पुत्र आशिर सिन्हा ने हाथ का साथ देने का फैसला लिया है। यानी पूर्व बीजेपी सांसद यशवंत सिन्हा के पोते और बीजेपी सांसद जयंत सिन्हा के बेटे आशिर सिन्हा ने कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम में कांग्रेस का दामन थामा। कहा जा रहा है कि भाजपा द्वारा जयंत सिन्हा का टिकट काटे जाने के बाद बेटे आशिर सिन्हा ने कांग्रेस की सदस्यता ली। मीडिया से बातचीत करते हुए आशिर ने कहा कि बहुत खुशी हो रही है कि कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। अब जेपी पटेल के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। कहा कि जेपी पटेल ही हजारीबाग और युवाओं को बचा सकते हैं। कहा कि मुझे फिलहाल पॉलिटिक्स में कोई दिलचस्पी नहीं है। कांग्रेस से मुझे एक प्लेटफॉर्म मिला है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से हजारीबाग का नाम रोशन करना चाहता हूं। सूत्रों का कहना है कि आशिर ने आगामी विधानसभा के मद्देनजर कांग्रेस का दामन थामा है। उनकी नजर हजारीबाग सदर सीट पर है।







### राजनीति में यशवंत-जयंत की राह भी अलग

**झारखंड की सियासत के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और उनके बेटे जयंत सिन्हा अलग-अलग पार्टी में रहे। यशवंत सिन्हा ने बीजेपी में रहते हुए जयंत सिन्हा को भाजपा में इंट्री दिलवायी। उन्हें टिकट भी दिलवाया। वह लगातार दो बार हजारीबाग के सांसद रहे। इस बीच यशवंत सिन्हा की भाजपा से ठन गयी और उन्होंने ममता बनर्जी की टीएमसी का दामन थाम लिया था और राष्ट्रपति के चुनाव में विपक्षी दल की तरफ से उम्मीदवार थे, जबकि जयंत सिन्हा बीजेपी से सांसद हैं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में जयंत सिन्हा केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। इन दोनों पिता-पुत्र की राजनीतिक पार्टी भले अलग-अलग रही, लेकिन इन दोनों ने कभी एक-दूसरे के खिलाफ किसी तरह का वक्तव्य नहीं दिया। आज की मौजूदा स्थिति यह है कि यशवंत सिन्हा विपक्ष की राजनीति कर रहे हैं। जयंत सिन्हा अभी भी भाजपा के सांसद हैं, जबकि जयंत सिन्हा के बेटे आशिर ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।**

# चंपाई सोरेन, अर्जुन मुंडा, जोबा मांझी समेत कई दिग्गजों ने डाले वोट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के जिलिंगगोड़ा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में वोट डालने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अपनी पत्नी, बेटा और बेटी के साथ वोट पहुंचे। उन्होंने एक आम मतदाता की तरह ही मतदान किया।

खूंटी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ खरसावां विधानसभा अंतर्गत खलारीसाई बूथ संख्या 72 पर पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। केंद्रीय मंत्री ने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। वहीं उन्होंने एक बार फिर से केंद्र में बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया।

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने सोमवार को मतदान किया। जोबा मांझी चक्रधरपुर स्थित कारमेल बालिका मध्य स्कूल के बूथ संख्या- 219 में अपने बेटे उदय मांझी और बहुओं के साथ मतदान करने पहुंचीं। जोबा मांझी ने अन्य मतदाताओं के साथ कतार में खड़ा होकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। इससे पूर्व मतदान की प्रक्रिया पूरी की और वोट देने के बाद अंगुली में स्याही लगायी। इस दौरान उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने के लिए वोट जरूर देने की अपील की।

# डॉ हिमंत बिस्वा सरमा कल झारखंड आयेंगे

**हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में करेंगे जनसभा**

**रजरप्पा, देवरी और चिरकुंडा में भी जनसभा आयोजित होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व सरमा 15 मई को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा डीएवी मैदान में 11 से आयोजित जनसभा संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह भी मौजूद रहेंगे। असम के सीएम गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा के ब्लॉक मैदान-देवरी में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह भी मौजूद रहेंगे।

डॉ सरमा धनबाद जिले के निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में 2.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो, धनबाद जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) घनश्याम ग्रोवर, धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय यादव, बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय भी मौजूद रहेंगे।

# जनता ने पीएम मोदी को दिया आशीर्वाद : आदित्य




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड में पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। इसमें चार लोकसभा सीट के लिए मतदान हुए। झारखंड की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। उक्त बातें श्री साहू ने सोमवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस से कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है। जनता इससे त्रस्त हो चुकी है। इस ठगबंधन को जनता ने वोट के माध्यम से नकारने का काम किया है। चुनाव परिणाम आने पर यह स्पष्ट हो जायेगा। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। प्रत्येक दरवाजे पर विकास के माध्यम से दस्तक दी है। देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों को हर साल किसान सम्मान निधि दे रहे हैं। आज तक किसी प्रधानमंत्री ने किसानों को ऐसा सम्मान नहीं दिया। किसानों ने इससे प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट किया है।

श्री साहू ने कहा कि मतदान के बाद लोगों की बात छन कर सामने आयी है। इससे स्पष्ट हो गया है कि चारों लोकसभा सीट पर एनडीए के प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे। जनता का रुख और स्पष्ट हार देख कर पलामू में राजद के लोग बौखला गये हैं। प्रदेश महामंत्री ने रिकॉर्ड वोटिंग करने के लिए आम जनता का आभार व्यक्त किया है। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग के प्रति भी आभार प्रकट किया है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

# चारों सीटों पर गठबंधन की जीत तय है : सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने राज्य की चार लोकसभा सीटों पर हुई वोटिंग के बाद दावा किया कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत इन सीटों पर तय है। मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में राज्य के चार लोकसभा क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा एवं पलामू में मतदान संपन्न हो गया है। मतदान के पश्चात यह स्पष्ट हो गया कि इंडिया गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो गयी है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चार चरणों में होने वाले राज्य के चार लोकसभा में सोमवार को हुए मतदान से साफ हो गया कि आगामी 10 लोकसभा क्षेत्रों का परिणाम क्या होगा। बीजेपी पहले चरण के बाद ही अबकी बार 400 पार का नारा भूल चुकी है। अब बीजेपी और पीएम मोदी का सारा फोकस कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना पर रहता है। पाकिस्तान और हिंदू-मुसलमान जैसे अनुचित मुद्दों पर रहता है। जनता इनके खोखलेपन को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी जगह बीजेपी के प्रति क्रोध एवं असंतोष देखने को मिल रहा है। आदिवासी-मूलवासी, दलित-पिछड़े एवं अल्पसंख्यक जन समूह के साथ हो रहे खिलवाड़ और अत्याचार पर रोक लग जायेगी। चारों लोकसभा क्षेत्रों के प्रबुद्ध मतदाताओं को बहुत-बहुत बधाई और आभार।



### राहुल गांधी के पांच न्याय और 25 गारंटी पर जनता ने भरोसा जताया: राजेश ठाकुर

**रांची। देश की जनता ने पहले तीन चरणों के चुनाव में दिखा दिया कि इस बार रोजगार और प्रगति वाली इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। वहीं सोमवार को चौथे चरण का मतदान भी इंडी गठबंधन की ओर है। क्योंकि मतदाता इस बात को समझ चुके हैं कि हमारा हर एक वोट संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है और इसलिए झारखंड के प्रथम चरण के चुनाव में मतदाता का जोश, उमंग चार लोकसभा सीटों पर दिखा, उससे साफ प्रतीत हुआ कि मतदाता का रुझान कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पक्ष में और भाजपा को नकारने का काम किया। उक्त बातें सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि भयंकर महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध और पीएम के दस सालों के झूठ को नकारने का काम किया और राहुल गांधी की पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा जताया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के चौथे चरण और राज्य का पहला चरण का चुनाव प्रधानमंत्री को हताश और निराश फिर एक बार कर दिया। झारखंड में चार की चारों सीट कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है।**




## सरगम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एचपी पेट्रोल पंप हजारीबाग रोड स्थित सरगम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई 10 कक्षा की वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। करण कुमार ने 93 प्रतिशत लाकर प्रथम टॉपर और सुप्रियम पांडे 92 प्रतिशत लाकर द्वितीय टॉपर, अनुज दांगी 90प्रतिशत लाकर विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा चंदन कुमार 88प्रतिशत श्याम बेदिया 85प्रतिशत, सोनू प्रजापति 82प्रतिशत, अनीश मेहता 80प्रतिशत, तेजस्वी 80प्रतिशत, निशु 78प्रतिशत, कृति 77प्रतिशत, पीयूष मेहता 74प्रतिशत, तनिषा, विवेक, विचित्र, श्रवन, अनुष्का, आर्यन, लक्की कुमार इत्यादि कुल 40 बच्चों ने शत प्रतिशत अंक लाया। स्कूल के निदेशक राजेश सोनी ने कहा प्रत्येक वर्ष की भांति गत वर्ष हमारे स्कूल के बच्चों ने शत प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अध्यक्ष सहेश्वर दांगी, उपाध्यक्ष सरोज सोनी सचिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साव और उपसचिव शंकर कुमार ने विद्यालय से उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया। साथ ही स्कूल के प्राचार्य मुसर्रत परवीन ने कहा हमारा स्कूल बड़कागांव में अपने शिक्षा के लिए मशहूर है और अपने बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए सरगम इंटरनेशनल स्कूल बड़कागांव में अवश्य पधारें।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रों ने बारहवीं के रिजल्ट में लहराया परचम



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने सत्र 2023-24 के बारहवीं के रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय से इस वर्ष कुल 94 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 66 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए और शेष सभी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने इस शानदार रिजल्ट पर हर्ष व्यक्त किया और सभी सफल विद्यार्थी को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दिये। प्राचार्य ने कहा कि अपने क्षेत्र का पहला विद्यालय जिसने सीबीएसई से मान्यता प्राप्त किया और तब से प्रत्येक वर्ष वार्षिक परीक्षाफल में अपने ही सारे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और कोडरमा जिले को शिक्षा के क्षेत्र में रोशन करते आया है । उन्होंने कहा कि यह परीक्षाफल विद्यालय के सभी कर्मठ शिक्षकों के मेहनत का ही प्रतिफल है और शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेहनत करने वाले विद्यार्थियों की लगन के कारण संभव हो पाया है। विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव के साथ साथ उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार राणा, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, दीपक कुमार, मुकेश राणा, फूलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, शाहिद हुसैन, शमशेर आलम, पप्पु कुमार, पंकज साव, इस्तियाक अंसारी, केदार यादव, सुनील कुमार यादव, नीलम प्रभा, बिट्टू कुमार, संतोष साह, रामचंद्र यादव, शरीफ अंसारी, लक्ष्मण चन्द्र यादव, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, सतीश कुमार, मिथिलेश पांडेय, जन्नत परवीन, पम्मी रॉय के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों ने बारहवीं के रिजल्ट में शानदार सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

## इंटर साइंस की परीक्षा में सेक्रेड के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ के द्वारा इंटर साइंस की परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। यूग बड़गवे ने 95.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। जबकि शशिकांत मोदी 82.4 प्रतिशत, दिव्यांशु कुमार 79.8 प्रतिशत अंक लाकर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। जबकि शुभम कुमार 75.8 और नमीरा अंसारी 75 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान को प्राप्त किया है। विषय वार अंकों की बात करें तो युग बड़गवे ने इंग्लिश में 95, केमिस्ट्री में 99, फिजिक्स में 95 और मैथ्स में 95 अंक प्राप्त किया है। जबकि बायोलॉजी में रिया कुमारी ने सर्वाधिक 80 और पीएचई में दिव्यांशु कुमार ने सर्वाधिक 96 अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया है। बता दें कि इस विद्यालय से 22 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि बच्चों के माता-पिता का सहयोग, छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। छात्रों की इस सफलता पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, दीपक सर्राफ, विक्रम कुमार, संजय तिवारी, रणजीत सिंह, फैज कैसर, पवन ठाकुर, विक्की कुमार और विनय कुमार सिन्हा समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डिवाइन के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई के 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के सभी बच्चों का पास प्रतिशत शत प्रतिशत रहा। नीलम कुमारी 89.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय के टॉपर रही। वही निशीथ चंद्रा 89प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान पर रहे। वही समृति जायसवाल 87.2प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान दिवाकर कुम प्रतिशत, सीमा कुमरी 81.6प्रतिशत, रोशन कुमार 79प्रतिशत, रविकन्त कुमार 79प्रतिशत, अंक प्राप्त किये। अलोना प्रिया 75 प्रतिशत, कुंदन कुमार 76.2प्रतिशत, मो कैफ 77.6प्रतिशत, भास्कर भौमिक 79.2प्रतिशत, उज्मा महक 75.8प्रतिशत, दीपक कुमार 80.8 प्रतिशत, अक्षत आर्या 78प्रतिशत, मुस्कान खातून 74.4प्रतिशत, बबलि कुमरी 72.8प्रतिशत, नितिश कुमार 71.4प्रतिशत, विकास कुमार 72प्रतिशत अंक प्राप्त किये, विद्यालय निर्देशकद आइपी भारती ने इस सफलता का श्रेय बच्चों, उनके अभिभावकों शिक्षकों की मेहनत को दी। डिवाइन प्रबंधन समिति ने भी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# बरही में खड़गे ने जेपी पटेल के पक्ष में मांगा वोट, कल्पना रहीं साथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरही।** बरही में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की । इस मौके पर मंच पर झामुमो नेता कल्पना सोरेन, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, लोकसभा प्रभारी गुलाम अहमद मीर, एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, संजीव बेदिया, मुन्ना सिंह, आर सी मेहता, पुर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष सहजादा अनवर, अब्दुल मनान वारसी, पूनम यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, रघुनंदन यादव सहित प्रदेश और जिलास्तर, प्रखंड और पंचायत स्तर के कई नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव की अध्यक्षता और वरिष्ठ कांग्रेसी रविन्द्र सिंह ने संचालन में किया।

### क्षत्रिय समाज ने किया महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा का आयोजन

# मनीष जायसवाल को समर्थन देने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** होटल युवराज पैलेस सभागार में सोमवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा सह क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन हुआ। आयोजन प्रेम सिंह, आनंद देव, टुनटुन सिंह, अरविंद कुमार सिकरवार, धर्मेंद्र सिंह और शंकर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें समाज के उत्थान को लेकर विशेष चर्चा परिचर्चा हुई और आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल को पूर्ण समर्थन देने की सहमति बनी। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में जमशेदपुर के भाजपा नेता सह हजारीबाग जिला भाजपा के जिला प्रभारी अभय सिंह और विशेष अतिथि के रूप में भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल समेत अन्य लोग शामिल हुए। भाजपा नेता अभय सिंह ने कहा कि क्षत्रिय कोई जात नहीं बल्कि जमात है। जो कभी महाराणा प्रताप बनाकर जन्म लिया तो कभी माता कौशल्या के कोख से जन्म लेकर भगवान राम हो गये। जब- जब भारत को जरूरत पड़ी तब क्षत्रियों ने आगे आकर राष्ट्र और समाज के लिए अपना बलिदान दिया। क्षत्रिय ज्वाला के प्रतीक रहे तो शांति के प्रतीक भगवान बुद्ध बनकर समाज को प्रेरणा भी दिया। अभय सिंह ने कहा कि क्षत्रिय हमेशा राष्ट्र के गौरव के साथ रहा है। जो राष्ट्र और सनातन की बात करेगा क्षत्रिय उसके साथ रहेगा। भारत के क्षत्रिय नरेंद्र मोदी और हजारीबाग के क्षत्रिय मनीष जायसवाल के साथ डटकर खड़े हैं और उनका समर्थन कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका मत राष्ट्र और समाज के हित में होगा। आप समाज को दिशा और दशा दिखाने का काम करते हैं। मनीष जायसवाल ने कहा कि इस आयोजन ने समाज को एक रोशनी दिखाने का काम किया है। अपने समाज को जागृत करने का काम किया इसलिए मैं सर झुका कर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। समारोह में मंच संचालन अरविंद कुमार सिकरवार और धन्यवाद ज्ञापन नरसिंह गौतम ने किया। समारोह को भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, दिनेश सिंह राठौड़, अनिल देव, रामजतन सिंह, सुबोध सिंह, सुबोध सिंह शिवगीत, गोपाल सिंह, प्रो. उदय सिंह, मंगल सिंह, उदयभान नारायण सिंह, आदि ने संबोधित किया। मौके पर विशेष रूप से निरंजन देव, अनिल अनुज सिंह, रमेश सिंह, उदय सिंह मनोज सिंह, संतोष सिंह, केदार सिंह, भरत सिंह, अनु सिंह, राजेश सिंह, राम सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, नवीन सिंह, पप्पू सिंह, ब्रजेश सिंह, कुंवर मनोज सिंह, मणिकांत सिंह, सूरज सिंह सहित कई उपस्थित थे।

## मुन्ना सिंह और कमल नयन ने भाजपा पर बोला हमला: चतरा, धनबाद से टिकट काटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के दाल चीनी रेस्टुरेंट में हजारीबाग जिले के राजपूत समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह और संचालन प्रो प्रदिप सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित राजपूत समाज के लोगों ने कहा की हजारीबाग में क्षत्रियों को बरगलाने का कार्य कुछ लोग कर रहे हैं। आज हजारीबाग का राजपूत समाज खुले मंच से भाजपा प्रत्याशी का विरोध करता है और उन्हें समर्थन नहीं करता है। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा की भाजपा के राजकोट से प्रत्याशी रुपाला ने राजपूतों पर विवादित बयान दिया था मगर भाजपा केंद्रीय कमेटी ने रुपाला पर कोई कारवाई नहीं की। भाजपा ने धनबाद और चतरा से दो क्षत्रिय सांसदों का टिकट काटा, मगर काट कर दूसरों को दे दिया गया। इसके अलावा कटकमसांड़ी से दो क्षत्रिय युवक कई साल से गायब है आज तक उनका पता नही चला की वो हैं भी या नहीं। इन्ही सभी मामलों को लेकर राजपूत समाज भाजपा से क्षुब्ध हैं और भाजपा प्रत्याशी को वोट नहीं करने का घोषणा करता है। झामुमो कमल नयन सिंह ने कहा की भाजपा राजपूत समाज को वोट बैंक समझ रखा है। जबकि कभी क्षत्रिय को मान सम्मान नही देती, आज इस बैठक में जुटे सैकड़ों लोगों ने भाजपा और भाजपा कैंडिडेट को अस्वीकार करता है। अवधेश सिंह ने कहा की भाजपा ने सदैव क्षत्रियों को छला है। उपर से लेकर नीचे तक सिर्फ क्षत्रियों का ही टिकट काटा गया। बैठक को शशि मोहन सिंह, अवधेश सिंह, अशोक देव, मंगल सिंह, नगीना सिंह, भगवान सिंह, शत्रुध्न सिंह, अनिरुद्ध सिंह, सुनील सिंह राठौर, मिथलेश सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, गुड्डू सिंह, संजय सिंह, संतोष सिंह, अर्जुन सिंह, मनोज सिंह, आशीष सिंह, राकेश सिंह, बिनोद सिंह, सुनील सिंह, एडवोकेट रवि सिंह, प्रेम शंकर सिंह, राहुल सिंह, ठाकुर अभिजीत सिंह, राम सिंह समेत बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग उपस्थित थे।

### भ्रमण कार्यक्रम में भाजपा को मतदान करने की हुई अपील




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के हरली पंचायत में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता और एनडीए समर्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों के द्वारा पथ भ्रमण कार्यक्रम के तहत पैदल भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में भारी से भारी संख्या में क्रम संख्या 2 कमल निशान पर मतदान करने की अपील लोगों से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया कविता देवी, पंसस कौशल्या देवी, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, बिगेश्वर महतो, श्रीकांत निराला, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, महामंत्री सुमन गिरी, नागेश्वर महतो सच्चिदानंद पांडे, राहुल कुमार, सेवंती कुमारी समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# बरकट्ठा में अन्नपूर्णा के पक्ष में मतदान करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने बरकट्ठा विधानसभा के बेडोकला, चांदगढ़, महुआटांड़, कोलहुआकुदर, घोरबंधा, चलकुशा, अलकडीहा और मस्केडीह गांवों में जनसंपर्क अभियान और पथ सभा का आयोजन किया।

जिसमें भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान और और तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार बनाने का आग्रह किया वहीं श्री यादव ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल है गरीब परिवार भूखा ना सोए इसकी चिंता सिर्फ प्रधानमंत्री ही करते हैं प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व से ही गांवों तक का विकास संभव हुआ है राज्य में सत्तारूढ़ सरकार केवल तिजोरी भरने में लगा है।

मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, समाज सेवी दिना यादव, बरकट्ठा पालक कुलदीप पांडेय, देवेन्द्र पांडेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम को लेकर नुक्कड़ नाटक

आजाद सिपाही संवाददाता




**विष्णुगढ़।** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बनासो में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन बेटी बचाव बेटी पढ़ाव कार्यक्रम के तहत सामुदायिक भवन नावाटांड़ में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए व्यापक रूप से चर्चा की गयी। इस बाबत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा की बेटियों को पढ़ाने से वो आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ दो घरों का विकास करती हैं। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा, मुखिया चंद्रशेखर पटेल, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, शशिभूषण देव, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, राघवेंद्र प्रताप, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पूनम, प्रकाश कुमार, सुनीता, आजाद और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## प्रत्येक पंचायत से एनडीए प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलवायेंगे: गौतम वर्मा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गुरुचट्टी स्थित आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में प्रखंड कमेटी की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा और संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी 23 पंचायत के प्रभारी उपस्थित हुए। सभी पंचायत प्रभारी से अपील करते हुए प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि हम अपने पंचायत से एनडीए प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने का काम करे। आप लोग जब अपने क्षेत्र में जायेंगे तो लोगों को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़े और इस लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। वही आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं ने ठाना है, एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाना है। आगे उन्होंने कहां की चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन की अपील करते हुए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगना है क्योंकि जनता जनार्दन होती है जनता के हाथों में ही किसी भी उम्मीदवार का फैसला होता है। मौके पर केंद्रीय सचिव नागेश्वर तुरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, सब्बू खान, अर्जुन महतो, पप्पू प्रसाद, घनश्याम कुमार, भोला चौधरी, श्याम निराला, सुरेश दागी, सुरेश गिरी, योगेंद्र महतो, तुलेश्वर महतो, शंकर मिश्रा, संजर हुसैन, राजेश कुमार, हुलास प्रसाद, अरुण महतो, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, संतोष सिंह, अजीत कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा के लोक सभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में सोमवार को टाटीझरिया में जनसंपर्क किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास सिन्हा, महामंत्री निशिकांत कुमार, उपाध्यक्ष राजकरण पांडेय, महेश अग्रवाल शामिल थे। इन्होंने टाटीझरिया में मतदाताओं से मिलकर कमल छाप पर वोट देने की अपील की। वहीं परमेश्वर यादव, तिलकराज सिंह, सुरेश कुशवाहा, अधीर तिवारी, सूरज यादव ने बौधा, डहरभंगा, गोधिया में जनसंपर्क चलाया। इन्होंने बताया कि आम मतदाता मोदी के कामों पर विश्वास जताकर उनके पक्ष में ही मतदान करने की बात कर रहें हैं।

## डीसी ने प्रशिक्षण का लिया जायजा, दिये निर्देश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदान कर्मियों को दूसरे दिन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंची। मतदान अधिकारियों को उनके कार्य और दायित्वों से विस्तार से अवगत कराया और उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मतदान कर्मियों को अमिट स्याही का प्रयोग, मतदाता रजिस्टर संधारण और पर्ची मिलान के संबंध में पीपीटी व ब्लैक बोर्ड पर लिख कर विस्तार से जानकारी दी गयी। डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य संपादन एवं दायित्वों से मतदान अधिकारियों को अवगत कराया गया। मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों की पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू और वीवीपैट के संयोजन और कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गयी। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित सभी मतदान कर्मियों को स्थानीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## पीएम के दौरे को लेकर किया गया जनसंपर्क



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 मई को कोडरमा लोकसभा अंतर्गत बिरनी में होने वाली सभा को लेकर भाजपा प्रदेश समिति सदस्य बटेश्वर मेहता ने सोमवार को कोडरमा जिले के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से पीएम के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने और भाजपा को वोट देकर केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है। लोकसभा क्षेत्र के सभी इलाकों में लोगों का उत्साह भाजपा के प्रति है तो वहीं कार्यकर्ता भी पूरी समर्पित भावना से पार्टी के लिए अपनी ताकत लगाए हुए हैं। अपने जनसंपर्क के दौरान श्री मेहता ने कोडरमा स्थित गांधी चौक पर नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया और पिछले 10 साल के कार्यकाल में भारत के विकास और भाजपा सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उनके साथ दौरे और नुक्कड़ सभा में भाजपा नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल, कोडरमा जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, राजेश सिंह, प्रकाश राम, केदार यादव, रोहित कुमार, समीम उर्फ लड्डू, मानिक चंद सेठ समेत अन्य कार्यकर्ता भी शामिल थे।

## विनोद सिंह के समर्थन में कल्पना सोरेन करेंगी जनसभा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में जनसभा होगी। जनसभा दोपहर 12 बजे से तिसरी के गांधी मैदान में होगी। इस जनसभा में मुख्य रूप से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू मौजूद रहेंगी। कल्पना यहां जनता से विनोद सिंह के लिए वोट मांगेगी। कल्पना सोरेन के अलावा राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद और राजधनवार से पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित कई नेता मौके पर मौजूद रहेंगे। बता दें कि कोडरमा संसदीय सीट पर पांचवें चरण का चुनाव 20 मई को होना है। कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की ओर से इस बाबत एक पोस्टर जारी किया गया है। विनोद सिंह ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर 1 मई को अपना नामांकन दाखिल किया था। इनके नामांकन में भी कल्पना सोरेन मौजूद थीं। नामांकन के बाद विनोद सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि महंगाई, बेरोजगारी हटाने का नारा दे कर बीजेपी सत्ता में आयी थी, लेकिन महंगाई आसमान छू रही है। वहीं बेरोजगारी भी बढ़ी है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक

**कुंदा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के जागरूकता अभियान को तेज करते हुए एकल विद्यालय के आचार्य- आचार्यों का एक सामूहिक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता एकल अभियान के प्रखण्ड सचिव लवकुश कुमार गुप्ता ने की, जबकि बैठक का संचालन प्रखंड प्रशिक्षक मनोज कुमार यादव ने किया। बैठक की शुरूआत दीप प्रज्वलित व भारत माता के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर लोगो को जागरूक करने, और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले कठिनाई पर चर्चा करते हुए उससे निपटने की कोशिशें पर चर्चा किया गया। मौके पर स्वभिमान जागरण मंच के प्रखण्ड सचिव अनुज कुमार गुप्ता ने उपस्थित आचार्य आचार्यो को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही हमेशा राष्ट्र हित में कार्य करने की बात कही। वही आगे सभी एकल विद्यालय के आचार्य-आचार्यो को प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिती बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए एप्लिकेशन डाउनलोड करने से लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तक का तरीका सबको सिखाया गया। मौके पर ग्रामोत्थान के कोषाध्यक्ष अम्बिका सिंह भोक्ता, ग्राम प्रमुख सिंटू कुमार, आचार्य रूपेश कुमार यादव, अलका कुमारी, सकिता कुमारी, फूलकुमारी, बिंदी कुमारी, बिनोद यादव, अजय कुमार, प्रगुन यादव, रबिन्द्र भारती, रंजीत राम, सुरेश यादव, रंजीत यादव के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

### भाजपा ज्वाइन करते ही ऊर्जा भरने निकले शिवलाल महतो, पहुंचे रामगढ़

# मोदी ने कुशवाहा, पटेल, कुर्मी समाज को दिया सम्मान, मिलेगा साथ: शिवलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बही है। उनकी नीति, सिद्धांत और विचार के साथ किये गये कार्य से हजारीबाग क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं दूर होंगी। विस्थापन का मुद्दा हल होगा और हर समस्या का निदान करने का प्रयास किया जायेगा। उक्त बातें सोमवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय पहुंचे भाजपा नेता शिवलाल महतो ने कही। हजारीबाग क्षेत्र में कुर्मी, कुशवाहा और पटेल समाज के अगुआ के रूप में विख्यात शिवलाल महतो भाजपा से पहले कांग्रेस और जेएमएम में रह चुके हैं। 11 मई को उन्होंने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और पूरे क्षेत्र में भाजपा को नयी ऊर्जा देने के लिए निकल पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में जनता वोट करेगी और निश्चित तौर पर जीत होगी।



### पटेल समाज को मोदी ने दिया सम्मान

शिवलाल महतो ने कहा कि कांग्रेस जातिगत समीकरण के तहत उम्मीदवार को जीतने का दावा कर रही है। लेकिन आज हर समाज जागरूक हो चुका है। बुद्धिजीवी वर्ग सिर्फ काम के समर्थन में खड़ा है। जिस पटेल जाति से कांग्रेस ने उम्मीदवार खड़ा किया है, उसी समाज के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भी थे। जिनको पूरी दुनिया में सम्मान दिलाने का काम बीजेपी ने किया है। पटेल समाज के लोग इस बात को कभी नहीं भूल सकते। शिवलाल महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आगे ले जा रहे हैं। देश के विकास में छोटा ही सही लेकिन अपना योगदान देने के लिए ही चुनावी समर में भाजपा का दामन उन्होंने थामा है।

**बड़कागांव विधायक का दावा गलत :** एक सवाल के जवाब में शिवलाल महतो ने कहा कि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र में बढ़त दिलाने का दावा कर रही हैं। लेकिन 11 मई को जब उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी, तो उस वक्त मौजूद जनता की भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भाजपा उम्मीदवार बड़कागांव विधानसभा से भी बढ़त बना कर रखेंगे।

**प्रेस कांफ्रेंस में ये थे उपस्थित**

विधानसभा प्रभारी अनिल टाइगर, रंजीत पांडे, विजय जायसवाल, राजीव रंजन, सूर्यवंश श्रीवास्तव, विशाल बाल्मीकि, प्रो आलोक सिंह, ब्रजेश पाठक, भीमसेन चौहान, बरुन सिंह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी ने दर्जनों गांव में किया जनसंपर्क

# चतरा को रेल लाइन से जोड़ना मेरी प्राथमिकता: कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज चतरा लोकसभा क्षेत्र के सलैया, करैली बाग, केवाल, सरदम, रक्सी, बसरिया, करमा पंचायत समेत एक दर्जन से ज्यादा गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्र की जनता से भाजपा को जीत दिलाने की अपील किया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि दस साल में जो इस क्षेत्र में विकास हुआ वो तो बस ट्रेलर मात्र था। अभी विकास के बहुत सारे कार्य किये जाने बाकी है। और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्र कि जनता चतरा से भारतीय जनता पार्टी को जीत कि माला अवश्य ही पहनायेगी। यहां कि जनता के प्यार और आशीर्वाद से इस क्षेत्र का सांसद बन वे यहां कि प्रमुख समस्या और मांग को वो संसद में उठाने का काम करेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वे स्थानीय होने के नाते यहां की समस्या से भली भांति परिचित है चतरा को रेल लाइन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

जनसंपर्क कार्यक्रम में मुखिया मनोज पासवान, राजेश यादव, हिमांशु सिंह, जितेंद्र सिंह, मो इकबाल, मो. अयूब, मो आलम और मो अजीमुल्लाह, केदार यादव, आशीष कुमार, तुलसी यादव, रामजी गंझु, सूरज गंझु, दीपक गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता और अनिल गुप्ता, मिथुन भुइयां, मनोज राम, भरत राम, कमलेश साहनी जी, रंजन यादव, उमेश भारती, कमलेश्वर यादव, कृष्णा यादव, नारायण यादव, श्याम यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।



### हंटरगंज प्रखंड में जनसंपर्क अभियान

**हंटरगंज।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने सोमवार को हंटरगंज प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसी दौरान उनके द्वारा पैनी कटैया दंतार घंघरी, डुमरी, हंटरगंज के इलाहाबाद दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चला कर अपने पक्ष में वोट मांगा। प्रधानमंत्री के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि अगर आप अपने क्षेत्र का विकास चाहते हैं तो भाजपा को वोट दीजिये और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए। इस मौके पर नशा कुमारी, गात्री देवी, अरुण चौरसिया, जितेंद्र सिंह, प्रेम किशोर सिंह, गुंजित कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मांडू प्रखंड के 85 वर्ष से अधिक तीन मतदाताओं को करायी गयी होम वोटिंग



**मांडू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। वोटिंग की सुविधा से दिव्यांग और बुजुर्ग अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे है। मांडू प्रखंड के तीन मतदाताओं ने सोमवार को हम वोटिंग की। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। प्रखंड प्रशासन ने बूथों तक जाने में असमर्थ मतदाताओं को पिछले दिनों चिन्हित किया था। साथ ही इनसे प्रपत्र भी भरवाया गया था। इसमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर से बैलेट पेपर पर अपना मतदान किया। इस दौरान निर्वाचन विभाग के निर्देश पर मतदान कर्मी के मौजूदगी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोंगाहरा के बूथ संख्या 190 के दो महिला मतदाताओं ने अपना अपना मतदान किया। जिसमें एक हेसागढ़ा की वृद्ध महिला टुकनी देवी और दूसरी महिला बोंगाहरा की सुशीला देवी ने अपने घर पर होम वोटिंग किया। वहीं उमवि मूरपा के सिकेंद्र कुमार दिव्यांग मतदाता ने होम वोटिंग किया। बताया जाता है कि बोंगाहरा के एक और मतदाता अस्पताल में रहने के कारण होम वोटिंग कर नहीं सका। मौके पर संबंधित बीएलओ सहायक शिक्षक अमित कुमार, संजय कुमार, ज्ञानी प्रताप भारती आदि मौजूद थे।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार की मौत

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी ओपी अंतर्गत पसेरिया घाटी में सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे के करीब बड़कागांव के मोतरा से लौट रहे अपने हीरो स्पलेंडर पे सवार परसा टोला ओरमांझी रांची निवासी तेतरा गंझू पिता जेठू गंझू उम्र लगभग 35 वर्ष की उरीमारी से बड़कागांव की ओर जा रहे टर्बो ट्रक से टक्कर हो गयी। वहीं इस टक्कर में तेतरा गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान बड़कागांव के समाजसेवी शाहीद उर्फ सोनू इराकी ने उरीमारी की ओर आने के क्रम में दुर्घटना स्थल में तेतरा गंझू को घायल देख अपने निजी वाहन पर उठाकर उसे भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने इलाज के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौका देख टर्बो चालक और खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गये। घटना की सुचना पाकर उरीमारी ओपी प्रभारी राम कुमार राम और एस आई सीताराम सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को जब्त कर ओपी परिसर ले आये।

## एसबीआइ की तोपा शाखा में चोरी का प्रयास




**कुजू (आजाद सिपाही)।** एसबीआई तोपा शाखा में शनिवार की देर रात बड़ी घटना को अंजाम देने में चोर असफल साबित रहे। वही, चोरों ने शाखा के दीवार में लगे एग्जॉस्ट फैन को कबाड़कर अंदर घुसकर लॉकर को तोड़ने का प्रयास किया। वही, चोरों ने टाईमर मशीन व फैन, तीन ताला तोड़ दिया। साथ ही, सीसीटीवी कैमरा के तार को काटते हुए चलते बने। मामले को लेकर सोमवार को बैंक प्रबंधक द्वारा कुजू पुलिस को सूचना दिया गया है। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय पहुंच कर घटनास्थल की जांच पड़ताल किया। साथ ही, बैंक कर्मियों से घटना की जानकारी ली। इधर, पुलिस ने बताया कि जल्द ही संलिप्त चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर, मौजूद लोगों ने बताया कि इन दिनों तोपा में चोरों द्वारा लगातार चोरी की घटनाओं से लोग परेशान है। गत दिन साहू जनरल स्टोर में ताला तोड़कर नगदी एवं फ्रिज में रखा हुआ चाकलेट आदि खाने का सामान की चोरों ने चोरी कर लिया था। बताते चले कि इन दिनों चोरों के आतंक से ग्रामीण परेशान है। वही, चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर है। बैंक में चोरी के असफल प्रयास से आम नागरिक और पुलिस - प्रशासन की नींद उड़ गयी है।

### चैनगडा ऊपर टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक

# जेपी पटेल को जिताने का लिया गया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** चैनगडा उपर टोला स्थित जिऊतिया अखड़ा में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुरेश रजवार और संचालन नगर परिषद अध्यक्ष इमामुल अंसारी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया उपस्थित थें। बैठक में इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिसा ने वार्ड नंबर 18 और 19 के मतदाताओं के बीच जनसंपर्क कर महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में आने वाले 20 मई के चुनाव में भारी से भारी संख्या में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल के जीत के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार के लिये पलायन नहीं करना पड़ेगा। सभी बेरोजगारों के लिए नये रोजगार का सृजन किया जायेगा। भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। मौके पर हरिलाल बेदिया, झामुम के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष इमामुल अंसारी, सुरेश रजवार, जीतराम बेदिया, शिवनारायण बेदिया, जेठू महतो, टुनटुन बेदिया, राजेश्वर बेदिया, महावीर बेदिया, राजेंद्र करमाली, भुनेश्वर बेदिया, छोटेलाल बेदिया, अक्षय बेदिया, लालमोहन बेदिया, गणेश बेदिया, सूरज बेदिया, एनुल हक, महादेव बेदिया, नरेश बड़ाईक, क्यूम अंसारी, कलीम अंसारी, भागीरथ महतो, भीम महतो, सोनी देवी, सुमित्रा देवी, जलीया देवी, सावित्री देवी, गिरवा देवी सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थें।



# तस्करों ने बीडीओ-सीओ पर किया जानलेवा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के डुमरी स्थित बालू घाट पर अवैध बालू उठाव के विरुद्ध कार्रवाई करने पहुंचे बीडीओ सह सीओ निखिल गौरव कमान कच्छप पर बालू तस्करों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बीडीओ जख्मी हुए हैं। वहीं बालू उठा कर रहे लोग ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार अवैध बालू उठाव की सूचना पर अंचलाधिकारी छापामारी दल के साथ बालू घाट पहुंचे। जहां मौके पर बालू का उठाव करते हुए एक ट्रैक्टर को पाया। छापामारी दल ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इस दौरान वहां मौजूद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर की चाबी छापामारी दल से छीन लिया और ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास छापामारी दल के द्वारा किया गया। लेकिन ट्रैक्टर लेकर भागने में चालक और एक अन्य व्यक्ति सफल रहा। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक और मौके पर मौजूद मजदूरों के द्वारा पत्थरबाजी किये जाने की बात भी अंचलाधिकारी ने बताया। पत्थरबाजी से चोटिल अंचलाधिकारी ने अपना इलाज चतरा सदर अस्पताल में कराया। घटना के बाद बीडीओ थाना पहुंचे और पुलिस बल के सहयोग से फरार ट्रैक्टर चालक सहित घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया। खबर लिखे जाने तक घटना से संबंधित प्राथमिक दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि बीडीओ के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

# 10वीं परीक्षा में 95.6% अंक के साथ अनु बनी जिला टॉपर

### सीबीएसइः दूसरे स्थान पर जन्नत को 95.4 और तीसरे स्थान आर्यन को 94.8 अंक मिले

**शिशु मंदिर, सेंट्रल स्कूल, एसकेवी और गुरुनानक स्कूल के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन**






आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सीबीएसइ ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट आने के बाद छात्रों का उत्साह काफी चरम पर रहा। रामगढ़ शहर के रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा अनु कुमारी 95.6% अंक लाकर जिला टॉपर बनी। केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा की छात्रा जन्नत जारा 95.4% अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही है। वहीं श्री कृष्ण विद्या मंदिर का छात्र आर्यन 94.8 फीसदी अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहा है। टॉपर छात्र अनु कुमारी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के बेहतर प्रबंधन को दिया।

**जन्नत और आर्यन ने माता-पिता को दिया श्रेयः** जिले में दूसरे स्थान पर रही छात्रा जन्नत जारा के पिता खुसरू पुरवेज एक समाजसेवी हैं और उसकी मां यासमीन कौसर गृहणी हैं। उन दोनों ने बेटी के इस सफलता पर उसे बधाई दी। जन्नत जारा ने इस सफलता के पीछे अपने माता-पिता के त्याग को बताया है। तीसरे स्थान पर रहे श्री कृष्ण विद्या मंदिर के छात्र आर्यन ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया है।

**गुरु नानक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम :** गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी परचम लहराया है। जिसमें रचित कुमार अग्रवाल 94.8%, हिमांशु कुमार अग्रवाल 94%, पूजा सिंह 94%, प्रियांशु कुमारी 93.8%, दिव्यम जैन 91.6%, पल्लवी कुमारी 91.4%, शिखा कुमारी 91.4%, प्रीति कुमारी 91.2%, शुभांगी अग्रवाल 90.8% और प्रज्ञा सिंह 90.8% प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस विद्यालय के कुल 60 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किये हैं। वही, 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के 167 बच्चे शामिल हुए थें। विज्ञान संकाय से 89 वाणिज्य संकाय से 52 कला संकाय से 26 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें विज्ञान संकाय से सान्या कुमारी 91%, रिश्ता शर्मा 89.6% डिंपल कुमारी 89.0%, रोनित राज 87.8%, अजय नंदन सिंह 85.6 %, रोशनी कुमारी 85.2%, नेशात नवाज 85%, निशांत कुमार 83.6%, श्रीनू गुप्ता 82.6%, अंकित कुमार 82.6%, कौशिक सिंह 81.6%, कृतिका सोरेन 81.4%, अनामिका तिवारी 80.8%, निखिल कुमार गुप्ता 80% अंक प्राप्त किया है।

**वाणिज्य संकाय में पीयूष ने किया टॉपः** वाणिज्य संकाय से पीयूष कुमार 92.8%, उदिता कुमारी 91.2%, ऋषभ कुमार 90.6%, एमडी साजिद अफरीदी 86%, सृष्टि राय 83.8%, हर्षिता राज पांडे 83.4%, पूजा मित्तल 82.6%, गुरप्रीत सिंह 80.6%, आयुष कुमार राय 80.6% ने अंक प्राप्त किया है। कला संकाय से स्नेहा आचार्य 96.6%, अनुष्का वर्मा 95.4%, नूर सबा 92.2%, कुशाग्र श्रीवास्तव 90.2%, साहिल कुमार राज 89.6%, सिमरन सिंह 85.4%, मनामी घोष 81.6%, अंक प्राप्त किया है।

**श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शनः** सीबीएसइ परीक्षा में 12वीं विज्ञान संकाय के राजकुमार महतो (91%) और वाणिज्य संकाय के गंधर्व राय (86%) ने विद्यालय टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। 10वीं कक्षा के आर्यन गुप्ता 95%, विकास कुमार 93%, निहार कुमार सिंह 93%, गायत्री कुमारी 91%, खुशी कुमारी 87%, संजना कुमारी 87%, आलोक कुमार 86%, सागर कुमार 86%, रिचा शर्मा 85%, इशिका कुमारी 84%, तथा रोशन यादव ने 84% अंक प्राप्त किया है।

## सीबीएसइ बारहवीं में डीएवी बरकाकाना का शत-प्रतिशत परिणाम




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में डीएवी बरकाकाना के छात्रों ने शत प्रतिशत परिणाम लाकर पुनः एक बार स्कूल का मान बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम में छात्रों ने मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य के साथ-साथ राजनीति शास्त्र और पेंटिंग में उम्दा प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम के अनुसार मानविकी में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीखा कुमारी और स्तुति प्रकाश ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 94.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रिया दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में 93.6 प्रतिशत अंको के साथ सृष्टि मारवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजनीति शास्त्र में स्तुति प्रकाश ने 100 अंक प्राप्त किये वहीं पेंटिंग में काजल कुमारी ने 100 अंक प्राप्त किये। परीक्षा परिणाम पर स्कूल प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मुझे गर्व है कि हमारे स्कूल के छात्रों ने इस साल की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्रों के प्रयासों, संघर्ष और अथक मेहनत के बदौलत यह मुकाम हासिल हो पाया है। प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ शुभकमनाएं संदेश दिया है।

## झामुमो ने जेपी पटेल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क



**मांडू (आजाद सिपाही)।** देश में परिवर्तन का लहर चल रहा है। प्रधान मंत्री के झूठे वादे से जनता उब गयी है। उक्त बातें झामुमो के दर्जा प्राप्त मंत्री सह पार्टी के महासचिव फागु बेसरा ने हेसागढा में चुनाव प्रचार के दौरन कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 सालों के शासन में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच गया है। मजदूरों किसानों और सभी वर्गो के लोग आहत है। भाजपा के तानाशाही शासन के कारण संविधान और लोकतंत्र खतरें में है। इस चुनाव में झारखंड की जनता इसका बदला वोट से देगी। हजारीबाग लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से जीतेंगे। झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की सफाई होगी और देश में सत्ता से बेदखल होना तय है। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, एतवा बास्के, सुखदेव महतो समेत कई लोग शामिल थे।

## कालीचरण के पक्ष में जनसंपर्क अभियान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव स्नालेबर, बढ़निया, पनहिया, नावाडीह, गीदी आदि गांव की गली-गली, हर मुहल्ले में भाजपाइयों ने चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान सोमवार को चलाया। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, प्रभारी अनामिका देवी, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, जिला परिषद सदस्या देबंती देवी और प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जनसंपर्क टोली ने कहा की एक ओर मोदी लहर तो दूसरी ओर स्थानीय प्रत्याशी कालीचरण सिंह से पूरा जन मानस खुश है। चतरा लोकसभा के हर गांव गली में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इस मौके पर राम चंद्र गुप्ता, पंचायत समिति सदस्या आशा सिन्हा, राजीव कुमार सिमरिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, देव नाथ महतो, देव नारायण साव, उर्मिला देवी, पुनिया देवी और अन्य उपस्थित थे।

# मोदी हैं शीर्ष नेता

अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी के पीएम का सवाल उठाकर उस नैरेटिव को पलटने की कोशिश की, जो विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए को लगातार रक्षात्मक मुद्रा में बनाये हुए था। बीजेपी पिछले एक दशक से हर चुनाव नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ती आयी है। उसकी यह रणनीति कामयाब भी रही है। इसके बरक्स वह विपक्ष से यह सवाल करती आयी है कि मोदी के मुकाबले कौन? इस लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने अपनी चुनावी रणनीति के केंद्र में इसी सवाल को रखा कि विपक्षी गठबंधन का नेता कौन है? विपक्षी खेमे की अनिश्चितता के मुकाबले एनडीए की सुनिश्चितता मोदी के नाम और चेहरे के रूप में स्पष्ट थी, लेकिन बीजेपी ने यह कायदा बनाया था कि 75 वर्ष से अधिक उम्र का होने पर पार्टी के नेता सक्रिय राजनीति छोड़ देंगे। विपक्ष ने इसी आधार पर यह सवाल किया है कि अगले साल मोदी 75 वर्ष के हो जायेंगे, तो क्या उनकी जगह कोई और नेता लेगा? और अगर ऐसा है, तो बीजेपी की तरफ से पीएम पद का असली प्रत्याशी किसे माना जाये? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि बीजेपी घोषणा पत्र में इस बार किये जा रहे वादों को पार्टी मोदी की गारंटी के रूप में पेश कर रही है। बीजेपी ने भी सवाल की गंभीरता को समझा। तत्काल पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह जैसे शीर्ष नेता सामने आये और स्पष्ट शब्दों में बताया कि पार्टी के चुनाव जीतने की स्थिति में न केवल नरेंद्र मोदी फिर पीएम बनेंगे, बल्कि वह अपना कार्यकाल भी पूरा करेंगे। वैसे राजनीति में उम्र कोई सीमा नहीं मानी जाती है। इस बात का श्रेय बीजेपी और खासकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही देना पड़ेगा कि वह अपनी पार्टी के जरिए भारतीय राजनीति में रिटायरमेंट का चलन लेकर आये। 2014 के बाद बीजेपी के कई प्रभावशाली नेता इस नये चलन के मुताबिक रिटायरमेंट की राह पर बढ़ते देखे गये। इसे पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की मजबूती का संकेत भी माना गया। ऐसे में नरेंद्र मोदी का नेतृत्व जारी रखने की पार्टी की घोषणा चाहे-अनचाहे बहस को इस सवाल की ओर ले जायेगी कि क्या पार्टी नरेंद्र मोदी को इस नियम का अपवाद मान चुकी है? अगर हां, तो क्या यह पार्टी के अंदर लोकतंत्र के कमजोर होने का सूचक है? अच्छी बात यह है कि अब लोकसभा चुनाव के दौरान इन सवालों पर वोटरों की राय भी दर्ज हो जायेगी।

**बीजेपी ने भी सवाल की गंभीरता को समझा। तत्काल पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह जैसे शीर्ष नेता सामने आये और स्पष्ट शब्दों में बताया कि पार्टी के चुनाव जीतने की स्थिति में न केवल नरेंद्र मोदी फिर पीएम बनेंगे, बल्कि वह अपना कार्यकाल भी पूरा करेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**गत माह ही एक महिला पुलिस अधिकारी ने पति के विरुद्ध एक राज्य से दूसरे राज्य में दहेज उत्पीड़न का झूठा मुकद्दमा दर्ज कराया। इस प्रवृत्ति पर कड़ाई पूर्वक संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने महिला पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जिसमें से ढाई लाख रुपये बतौर हर्जाना पति को देने का निर्देश दिया। जनवरी माह के दौरान, पंजाब के कपूरथला में पुलिस ने ससुराल पक्ष को दहेज के झूठे मामले में फंसाने पर लड़की के पिता को पकड़ा। मां-बेटी सहित चार पर केस दर्ज किया गया।**

# सुरक्षा का कानून बन रहा है हथियार

दीपिका अरोड़ा

**सदियों** से प्रचलित दहेज प्रथा कानूनन निषेध होने के बावजूद आज भी देश के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है, वहीं दहेज निषेध अधिनियम का दुरुपयोग एक अन्य चिंताजनक मुद्दा बन कर उभरने लगा है। एक तरफ वे लोग हैं, जो वैवाहिक बंधन के नाम पर सरेआम सौदेबाजी करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते, तो दूसरी ओर समाज में एक ऐसा स्वार्थी वर्ग पनप रहा है, जो कानून का दुरुपयोग करने में तनिक भी नहीं हिचकिचाता। गत माह ही एक महिला पुलिस अधिकारी ने पति के विरुद्ध एक राज्य से दूसरे राज्य में दहेज उत्पीड़न का झूठा मुकद्दमा दर्ज कराया। इस प्रवृत्ति पर कड़ाई पूर्वक संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने महिला पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जिसमें से ढाई लाख रुपये बतौर हर्जाना पति को देने का निर्देश दिया। जनवरी माह के दौरान, पंजाब के कपूरथला में पुलिस ने ससुराल पक्ष को दहेज के झूठे मामले में फंसाने पर लड़की के पिता को पकड़ा। मां-बेटी सहित चार पर केस दर्ज किया गया।

झूठे मुकद्दमों की अनवरत बढ़ती संख्या पर गहन चिंता प्रकटाते हुए हाल ही में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85 तथा 86 (पूर्व धारा 498-ए) में आवश्यक बदलाव लाने पर विचार करने को कहा, चूंकि बहुतेरी शिकायतें घटना के अतिरंजित बयानों से युक्त होती हैं। उक्त टिप्पणी एक महिला द्वारा अपने पति के विरुद्ध दायर झूठे दहेज उत्पीड़न मामले को रद्द करते समय की गयी। महिला द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पति एवं उसके पारिवारिक सदस्यों ने कथित तौर पर दहेज की मांग की तथा उसे मानसिक एवं शारीरिक आघात पहुंचाया। पीठ के मुताबिक एफआइआर तथा आरोप पत्र पढ़ने पर महिला द्वारा लगाये गये आरोप काफी अस्पष्ट, सामान्य तथा व्यापक लगे, जिनमें आपराधिक आचरण का कोई उदाहरण नहीं दिया गया था।

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85 के अंतर्गत, किसी महिला के पति अथवा पति के संबंधी द्वारा महिला के प्रति क्रूरता बरतने पर तीन वर्ष की कैद की सजा तथा जुर्माना लगाने का प्रावधान है।**



**निःसंदेह, महिलाओं का सम्मान-सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दहेज उन्मूलन कानून का कठोरतापूर्वक लागू होना अत्यावश्यक है, किंतु निहित स्वार्थवश अथवा विद्वेष के चलते कानूनी प्रावधान को प्रहार के रूप में प्रयुक्त करना पूर्णतः अनैतिक है। कानून का ध्येय यदि अपराधियों को दंडित करना है तो निर्दोषों का सम्मान बरकरार रखना भी उसके दायित्व के अंतर्गत आता है।**

दरअसल, दहेज उन्मूलन कानून का दुष्प्रयोग विगत कुछ वर्षों से विद्रूपतम स्तर पर जा पहुंचा है। ऐसे मामले भी देखने में आये, जहां संपत्ति विवाद अथवा अन्य पारिवारिक कारणों के चलते ससुराल पक्ष से संबद्ध किसी व्यक्ति पर दुष्कर्म के मिथ्यारोप जड़ दिये गये। विगत वर्ष दिल्ली हाइकोर्ट ने एक महिला द्वारा ससुराल पक्ष पर लगाये गये झूठे दहेज उत्पीड़न एवं दुष्कर्म आरोपों को 'घोर क्रूरता' बताते हुए अक्षम्य करार दिया था।

निश्चय ही, दहेज प्रथा समूचे समाज के लिए अभिशाप है। इसके कारण अनेक बेटियों को मानसिक, शारीरिक अथवा सामाजिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। आइपीसी-1860 के सामान्य प्रावधान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही सन 1983 को इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए जोड़ी गयी, जिसे धारा 85-86 के तहत अधिक विस्तृत बनाने का प्रयास किया गया। भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 85 के अंतर्गत, किसी महिला के पति अथवा पति के संबंधी द्वारा महिला के प्रति क्रूरता बरतने पर तीन वर्ष की कैद की सजा तथा जुर्माना लगाने का प्रावधान है। धारा 86 में क्रूरता को परिभाषित किया गया है, जिसमें महिला का मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न, दोनों शामिल हैं।

कानून दुरुपयोग के संदर्भ में न्यायिक संस्थानों की चिंता कतई निराधार नहीं, वर पक्ष के लिए यह गले की फांस बन सकता है। कानपुर से संबद्ध एक झूठे दहेज हत्या मुकद्दमे में विवेचक की लापरवाही के चलते पति व सास-ससुर के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट भेज दी गयी। विवेचना संबंधी खामियां उजागर होने पर अपर जिला जज ने पति एवं सास-ससुर को दोषमुक्त करार दिया। फैसला आने तक पति 2 वर्ष का कारावास काट चुका है। मुकद्दमेबाजी से लेकर बरी होने तक की कानूनी प्रक्रिया के दौरान न केवल पूरे परिवार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है, अपितु शारीरिक-मानसिक स्थिति के साथ सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कथित तौर पर, पत्नी द्वारा दहेज उत्पीड़न मुकद्दमा दर्ज करवाने पर गत वर्ष राजधानी के नाका हिंडोला निवासी 45 वर्षीय राजेश जायसवाल ने मानसिक दबाव के चलते आत्महत्या कर ली थी। बाराबंकी के विकास ने भी आइपीसी की धारा 498-ए का मुकद्दमा लिखे जाने तथा ससुरालजनों द्वारा प्रताड़ित किये जाने पर मौत को गले लगा लिया।

संवेदनात्मक स्तर पर आहत व्यक्ति आत्मघात की ओर उन्मुख होने लगे तो समूचे समाज व व्यवस्था के लिए एक विचारणीय प्रश्न बन जाता है। किसी भी प्रकार का संत्रास झेलना यद्यपि सरल नहीं, तथापि विषम परिस्थितियों से हार कर जीवन का अंत करना क्या उचित है? कदापि नहीं, दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना ही पड़े तो पत्नी द्वारा झूठे केस में फंसाने संबंधी दी गयी धमकी को चैटिंग, ऑडियो रिकॉर्डिंग अथवा मैसेज आदि के रूप में सुरक्षित रखना मतिपूर्ण होगा। ठोस प्रमाण होने के नाते ये त्वरित जमानत दिलाने में सहाई बन सकते हैं। पत्नी द्वारा दहेज मामले में फंसाने की धमकी देकर घर छोड़ने पर वैवाहिक अधिकारों की प्रतिस्थापन धारा-9 के तहत, उसे अपने पास बुलाने हेतु न्यायालय में याचिका दाखिल की जा सकती है। पति के पक्ष में यह पुख्ता सबूत होगा कि पत्नी अपनी इच्छानुसार घर छोड़ कर गयी है।

निःसंदेह, महिलाओं का सम्मान-सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दहेज उन्मूलन कानून का कठोरतापूर्वक लागू होना अत्यावश्यक है, किंतु निहित स्वार्थवश अथवा विद्वेष के चलते कानूनी प्रावधान को प्रहार के रूप में प्रयुक्त करना पूर्णतः अनैतिक है। कानून का ध्येय यदि अपराधियों को दंडित करना है तो निर्दोषों का सम्मान बरकरार रखना भी उसके दायित्व के अंतर्गत आता है। कानून किसी अपराधी को समुचित दंड न दे पाये अथवा कानून की आड़ में किसी निरपराध को दंड भोगना पड़े, दोनों ही स्थितियां सामाजिक विकास में बाधक हैं। कानून की धारा, जिसका इस्तेमाल एक वर्ग की रक्षार्थ किया जाना हो, यदि हथियार बन कर दूसरे वर्ग पर वार करने लगे, तो ऐसे में समग्र सामाजिक उत्थान की संकल्पना भला कैसे संभव है?

## जमशेदपुर की खबरें

# साकची-एमजीएम में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय विद्युत महतो ने बारीडीह में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर लोकसभा चुनाव के लिए साकची व एमजीएम में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। सोमवार को कार्यालय उद्घाटन के दौरान साकची पुर्वी मंडल अध्यक्ष ध्रुव मिश्रा व एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा समेत पार्टी के वरीय नेतागण मौजूद रहे। वही सांसद बिद्युत महतो ने कार्यकताओं संग चुनावी रणनीति पर चर्चा की।कार्यकर्ताओ ने फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया।विद्युत महतो ने कहा सभी कार्यकताओं का जोश और जुनून प्रकर्ष पर है। कार्यकताओं के बल पर जमशेदपुर सीट पर भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी। मौके पर मिथिलेश सिंह यादव, जटाशंकर पांडेय,खेमलाल चौधरी, निर्भय सिंह, खेमलाल चौधरी, रॉकी सिंह, सुखविंदर सिंह, राजा सिंह, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो, ठाकुर दास महतो, बनबिहारी महतो, बिरेन महतो, अमल महतो, कड़ाकर गौड़, चंदन महतो, रामकृष्ण महतो, सुरज साह, प्रणव महतो, भीम दास, खोगेन महतो, सहदेव महतो, राहुल महतो, सरोज सिंह, विकास महतो, हिमांशु महतो, मुनेश्वर गोड़, यशवंत महतो समेत मंडल के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। वही जमशेदपुर के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने सोमवार को पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर समेत मंडल के तमाम कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सांसद बिद्युत महतो ने लोगों के घर-घर जाकर उनसे संवाद किया। आगामी 25 मई को ईवीएम क्रमांक संख्या 2 पर बटन दबाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया जमशेदपुर की जनता सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अपना बहुमूल्य समर्थन और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। अभियान के दौरान कार्यकताओं व स्थानीय बस्तीवासियों ने बिद्युत महतो का भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की। मौके पर कल्याणी शरण, रंजीत सिंह, शशिकांत सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जमशेदपुर के दिल में बसे हैं मोदी, प्रचंड बहुमत से तीसरी बार बनेंगे पीएम : विद्युत महतो

**भाजपा ने विजयी संकल्प के साथ विभिन्न क्षेत्रों के लिए हाईटेक प्रचार रथ को किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से चुनावी मैदान में उतर चुकी है।पार्टी की ओर से प्रचार-प्रसार का कार्य भी शुरू कर दिया गया।सोमवार को भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हाईटेक प्रचार रथ को प्रधान चुनावी कार्यालय से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के प्रभारी मुरलीधर केडिया, संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर लोकसभा सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह समेत अन्य नेतागण मौजूद रहे। प्रचार रथ जमशेदपुर के छह लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं सांसद बिद्युत महतो द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराएंगे। साथ ही भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद देने की अपील करेंगे। प्रचार रथ पर बेहतर साउंड सिस्टम के साथ पीएम नरेंद्र मोदी, सांसद बिद्युत महतो के फोटो, चुनाव चिन्ह कमल फूल एवं स्लोगन अंकित है। मतदाताओं से ईवीएम क्रमांक 2 पर बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की गई है। भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने कहा हमलोग विगत दस वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार फिरसे भाजपा-एनडीए सरकार बनेगी और भारत दुनिया का नंबर 1 देश बने, इसी भाव के साथ फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथों को रवाना किया गया है। सांसद बिद्युत महतो ने विश्वास जताया कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा फिरसे प्रचंड विजयी प्राप्त करेगी और नरेंद्र मोदी देश की बागडोर संभालेंगे। मौके पर देवेंद्र सिंह, गुंजन यादव, रीता मिश्रा, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, राजन सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

# मारवाड़ी महिला मंच की जया डोकानियां ने लगाया रूफटॉप सोलर सिस्टम




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर द्वारा ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंच की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा जया डोकानियां ने सोनारी रोड़ के सर्किट हाउस स्थित अपने घर की छत के ऊपर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाया हैं। इस संबंध में जया डोकानियां ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बहुत ही महत्वाकांक्षी निर्णय (सूर्य उदय योजना) के तहत एक करोड़ घरों में सोलर सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया हैं। उसी समय से उन्होंने भी अपने घर की छत के ऊपर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का सोच लिया था और आज वह सपना साकार हुआ। इस मौके पर मंच की अध्यक्ष रानी अग्रवाल, लता अग्रवाल, बीना खीरवाल, मीना अग्रवाल, मंजू खंडेलवाल, बीना अग्रवाल, प्रभा पाड़िया, विभा दुधानी, मंजू मुसद्दी, सुशीला खीरवाल, सीमा जवानपुरिया, शांति गोयनका आदि उपस्थित थी। यह जानकारी सुशीला खीरवाल द्वारा प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी गयी ।

# जेठ माह की संग्रांद पर आज साकची गुरुद्वारा में सजेगा दीवान

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची गुरुद्वारा में जेठ माह की संग्राद पर मंगलवार को महान कीर्तन दीवान सजाया जायेगा तथा गुरु का अटूट लंगर पंगत में बैठा कर वितरित किया जायेगा। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा सिख नौजवान सभा, स्त्री सत्संग सभा और सुखमनी साहिब कीर्तनी जत्था के सहयोग से जेठ की संग्राद कीर्तन दरबार होगा साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने दीवान संबंधी जानकारी साझा करते हुए बताया कि 14 मई को सुबह आठ बजे से साढ़े दस बजे तक लड़ीवार सुखमणि साहिब का पाठ स्त्री सत्संग सभा द्वारा जबकि साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे तक सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था पाठ करेंगी। उपरांत हजुरी रागी गुरुद्वारा साहिब साकची भाई साहिब भाई संदीप सिंह ग्यारह बजे से बारह बजे तक गुरबानी कीर्तन द्वारा श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। बारह बजे से एक बजे तक साकची गुरुद्वारा के ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी की गुरमत विचार का ज्ञान वर्षा संगत के बीच करेंगे। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी वितरित किया जायेगा। प्रधान निशान सिंह ने संगत से अपील की है कि संग्रान्द कीर्तन दरबार में शामिल होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद अवश्य ग्रहण करें।

# पप्पू सरदार 14 और 15 मई को मनायेंगे माधुरी दीक्षित का जन्मदिन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार ने इस वार माधुरी का जन्मदिन दो दिन मनाने का निर्णय लिया। सोमवार को जानकारी देते हुए पप्पू सरदार ने कहा माधुरी का जन्मदिन मतदान जागरूकता संदेश के साथ मंगलवार और बुधवार को साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। पहले दिन मंगलवार को शाम 05 बजे माधुरी की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्धारा दुकान में पूजा की जायेगी। रात 9 बजे आदिवासी समाज की महिलाओं द्धारा सरहूल नृत्य किया जायेगा। जन्मदिन की खुशियां बाटेगें। साथ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 मई यानी बुधवार की संध्या में निःशुल्क चाट का वितरण किया जायेगा।

# भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने पत्नी संग किया मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां।** खूंटी लोकसभा सीट से लोकसभा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी मीरा मुंडा संग खरसावां के खलारीसाई बूथ संख्या 72 में मतदान किया। सोमवार को खूंटी में मतदान के दौरान सुबह से ही मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। अर्जुन मुंडा ने कतारबद्ध होकर आम मतदाताओं के साथ मतदान कर लोगों से बढ़ चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान अपनी जीत को लेकर केंद्रीय मंत्री आश्वस्त नजर आए। उन्होंने दावा किया एक बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 मई, 2024
www.azadsipahi.in
07

# गढ़वा जिला में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, 63.71 प्रतिशत हुआ मतदान

- गढ़वा विस में 64.60 प्रतिशत जबकि भवनाथपुर विस क्षेत्र में 62.81 प्रतिशत मतदान
- बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा व नये, सभी वर्ग के मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग








ऊपर वोट देने के लिए लाइन में खड़े डीसी, एसपी दीपक पांडेय और बुजुर्ग महिला, नीचे लाइन में वोट देने के लिए खड़े मतदाता और बुजुर्ग महिला।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के चौथे चरण के तहत जिले के सभी बूथों पर तय समयानुसार प्रातः 07 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटर काफी उत्साहित नजर आये। पहली बार बनें मतदाताओं को गुलाब का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता भी बढ़-चढ़ कर पूरे उत्साह के साथ मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया।

गढ़वा जिला के 100 वर्षीय वृद्ध मतददाता रामसरीख पांडेय ने अपने मतदान केंद्र मसूरिया कलां बूथ संख्या- 270 पर पहुंचकर मतदान किया और अन्य मतदाताओं को भी अपने-अपने मताधिकारों का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। दूसरी ओर गढ़वा जिला के 90 वर्षीय वृद्ध मतदाता रामलगन पांडेय ने भी मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया और अन्य को भी वोटिंग हेतु प्रेरित किया। ऐसा ही नजारा बेलचंपा के बूथ संख्या- 167 से देखने को मिला, जहां 95 वर्षीय वृद्ध महिला लालमुनी कुंवर मतदान करने आयीं और लोगों से अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की। सभी बूथों पर दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी। व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय और उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने भी अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया कि आप भी अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

गढ़वा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर प्रातःकालीन समय से ही वृद्ध, दिव्यांग, युवा, महिला, नये मतदाता आदि ने कतारबद्ध होकर अपने-अपने मताधिकारों का प्रयोग किया। विभिन्न समय अंतरालों में गढ़वा जिले के विधानसभा क्षेत्र 80 एवं 81 में पूर्वाह्न 9 बजे तक पोलिंग प्रतिशत 80- गढ़वा में 10.9% जबकि 81- भवनाथपुर में 12.07% रहा। इसी प्रकार पूर्वाह्न 11 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 80- गढ़वा में 26.31% और 81- भवनाथपुर में 28.20% रहा। वहीं अपराह्न 01 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 80- गढ़वा 40.65% और 81- भवनाथपुर 44.57% (दोनों का कुल मतदान प्रतिशत 42.61%) रही। सभी बूथों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी। अपराह्न 03 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 80- गढ़वा में 55.82% जबकि 81- भवनाथपुर में 56.59% दर्ज की गयी। वहीं उक्त दोनों विधानसभा का कुल मतदान प्रतिशत 56.21% रही। अपराह्न 05 बजे तक 80- गढ़वा का मतदान प्रतिशत 62.74% जबकि 81- भवनाथपुर का 62.11% रही। वहीं दोनों विधानसभा क्षेत्रों का कुल मतदान प्रतिशत 62.43% दर्ज की गयी।

अंतिम रूप से मतदान प्रतिशत 80- गढ़वा का 64.60% जबकि 81- भवनाथपुर का 62.81% दर्ज की गयी और उक्त दोनों विधानसभा का मतदान प्रतिशत दर पूर्णरूपेण 63.71% रही।



मेराल। सकरजिया कुंवर 103 वर्ष अपने पोता के साथ बूथ नंबर 56 पर पहुंची मतदान करने।

रंका। 100 प्लस उम्र की मतदाता लक्ष्मी देवी ने भी मतदान केंद्र संख्या 379, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के बूथ पर अपना मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूती का संदेश दिया।



## मतदान ही लोकतंत्र की ताकत है : मंत्री

- मंत्री ने सपरिवार लाइन में खड़े होकर किया मतदान
- सभी मतदाताओं से की अवश्य वोट देने की अपील



मतदान के लिए लाइन में लगे मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा ।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा में सपरिवार मतदान किया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पलामू संसदीय क्षेत्र में आयोजित चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 207 में सोमवार को मतदान किया। मंत्री जब मतदान करने पहुंचे, उस समय मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। मंत्री श्री ठाकुर ने अपनी पत्नी चंचल ठाकुर, पुत्री प्रत्यक्षा ठाकुर के साथ अन्य मतदाताओं के बीच लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। अपनी बारी आने के बाद ही मंत्री ने सपरिवार मतदान किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा जिलावासियों सहित पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र की ताकत है। अपने इस ताकत का उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। इस कार्य में कोई भी चूक नहीं करें। निश्चित रूप से वोट के ताकत का उपयोग करें। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश है। सभी लोग मतदान करके ही इस पहचान को और मजबूत बना सकते हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, मुखिया अशोक चंद्रवंशी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## डंडई प्रखंड में पड़ा 67.53% वोट

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का चुनाव प्रखंड के 60 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पूरे प्रखंड में कुल 67.53% वोट पड़ा। वोट देने को लेकर सुबह 6:00 से ही मतदाता अपने-अपने मतदान केदो पर पहुंचने लगे थे निर्धारित समय 7:00 बजे वोट पड़ना शुरू हो गया था वोट देने हेतु महिला पुरुष बुजुर्ग विकलांग व खासकर नए मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। चिलचिलाती धूप में भी वोट देने के लिए मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते दिखायी दिये। मतदाताओं को लंबी-लंबी कतारों में खड़े देखा गया। प्रखंड भर में प्रशासन की ओर से सभी मतदान केदो पर पुलिस की तैनाती की गयी थी। प्रखंड के बूथ संख्या 476 और 470 पर निर्धारित समय के पश्चात वोटिंग का कार्य चलता रहा। 476 पर 5:00 के बाद लगभग 100 मतदाता कतार में खड़े देखे गये। मतदान को लेकर प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि प्रखंड में कड़ी सुरक्षा के बीच 60 बूथों पर 67.53% मतदान हुआ है। पहले से इस बार के चुनाव में करीब 2% मतदान ज्यादा हुआ है। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान का कार्य कराया गया। कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव का कार्य कराया गया।

## पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा वर्ग में दिखा उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता





मतदाता शक्ति सिंह, पूजा सिंह और सिमरन कुमारी भारती

**भवनाथपुर ।** लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा वर्ग खासे उत्साहित नजर आये। जोश से लबरेज युवा मतदाताओं ने चुनावी पिच पर पहली बार बैटिंग करते हुए अपने अपने मताधिकार का उपयोग किया। लोकसभा चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदान करने के लिए युवा मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध नजर आएं। इस बार युवा मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर मतदान केंद्रों पर भी देखने को मिला। अपने पसंदीदा प्रत्याशी को चुनने के लिए युवा मतदाता काफी उत्साहित दिखे। चुनाव में पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा शक्ति सिंह ने बताया कि लोकतंत्र की इस महापर्व में अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग कर काफी उत्साहित महसूस कर रहा हूं।

**शक्ति सिंह :-** पहली बार मताधिकार का उपयोग कर बहुत खुशी महसूस कर रह हूं। कहा कि सरकार चाहे किसी का भी आये शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होना चाहिए। शिक्षा की बुनियादी मजबूत नहीं है, तो किसी राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता।

**पूजा सिंह :-** मतदान करने के बाद खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि युवा अब जागरूक हो चुके है, और वोट की ताकत जान चुके है। पहली बार वोट देके अच्छा लग रहा है। संसदीय क्षेत्र से ऐसा प्रत्याशी होना चाहिए जो रोजगार, स्वास्थ्य व शिक्षा के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना शत प्रतिशत योगदान दे।

**सिमरन कुमारी भारती :-** पहली बार अपना मताधिकार का उपयोग कर खुशी महसूस हो रही है। मैंने वैसे प्रत्याशी का चुनाव की हूं, जो क्षेत्र की जनता का मान सम्मान और महिलाओं के हित की बात करने के साथ ही साथ क्षेत्र का विकास करने वाला हो।

## सीओ के आश्वासन के बाद वीरबांधा गांव के ग्रामीणों ने किया मतदान



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** गढ़वा मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 बीरबंधा गांव के ग्रामीणों ने बीरबंधा गांव को नगर पंचायत क्षेत्र से अलग करने को लेकर वोट का बहिष्कार कर दिया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीरबंधा बूथ संख्या 139 पर वोट बहिष्कार की सूचना पाते ही जोनल मजिस्ट्रेट विजय कुमार राय, सहायक निर्वाचि निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शंभू राम, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह और थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दलबल साथ पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात पदाधिकारियों ने ग्रामीण संग बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीण रूकमांगद पाठक, संजय पाठक, फुलेश्वर चौधरी, नागेश्वर चौधरी, चित्रांगद, रमेश और इंकलेश चौधरी सहित तमाम मतदाताओं ने कहा कि बीरबंधा गांव बिल्कुल ग्रामीण क्षेत्र है, जहां पर सिर्फ किसानों का बसेरा है। यहां के लोगों का मुख्य पेशा खेती है। सिंचाई संबंधी कुआं, ट्यूबवेल, चापानल, बोदर, आहार और पोखर ये सभी योजनाएं यहां लागू नहीं होती। जबकि कृषि प्रधान इस गांव में इसी कि प्रमुखता है। इधर ही संबंध में सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शंभू राम ने सभी ग्रामीण और तमाम मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें। मैं आप सबों की समस्या को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के पास भेज कर समस्या का समाधान का पहल किया जायेगा। इसके बाद 8:57बजे से ग्रामीणों ने वोट देना शुरू कर दिया।

## सगमा में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड में बंपर वोटिंग 69 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की सूचना प्राप्त हुआ। पूरे प्रखंड में साम पांच बजे एकाध घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान मिली सूचना के आधार पर प्रखंड के उत्तक्रमित मध्य विद्यालय सोनडिहा दक्षिण में बूथ संख्या तीन सौ सड़सठ पर मतदान कर्मी जयनाथ चौधरी के द्वारा एक पार्टी के लिए लोगों को बताने को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। हंगामा होने की सूचना मिलने पर पहुंचे वीडियो सत्यम कुमार ने स्थिति को देखते हुए उक्त डंडा प्रखंड में कार्यरत सहायक शिक्षक जयनाथ चौधरी को हिरासत में लेने के बाद हंगामा कर रहे लोग शांत हो गये। फिर मतदान सुचारू रूप से शुरु हो गया। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर वीडियो सत्यम कुमार ने मतदाताओं के साथ पुलिस कर्मियों के प्रति आभार वयक्त किया है।

## ओपी क्षेत्र में बुजुर्ग, विकलांग और गर्भवती महिलाओं ने कड़ी धूप में किया मतदान



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के हरिहरपुर, डूमरसोता और मझिगावां पंचायत में सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया। समाचार लिखे जाने तक 52 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। सोमवार को सुबह से पहले ही मतदान करने के लिए मतदाता लाइन में खड़े हो गये और सुबह में हीं लंबी- लंबी कतारें देखने को मिली। चुनाव के दौरान बुजुर्ग, विकलांग व गर्भवती महिला भी कड़ी धूप में परेशानियों का सामना करते हुए भी अपने मत का प्रयोग करने से पीछे नहीं रहे। कांडी प्रखंड के मझिगावां पंचायत के बूथ संख्या 178 के मतदाता 80 वर्षीय अपने मत का प्रयोग करने के लिए लाइन में खड़े थे कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण बेसुध होकर गिर पड़े, तभी मौके पर उपस्थित लोगों ने उन्हें तत्काल खुले में ले गये, तत्पश्चात वहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने उनका उपचार किया, उसके बाद वे अपने मत का प्रयोग किये। दोपहर बाद मौसम ने अपना रुख बदल दिया और तेज आंधी तूफान और बारिश के वजह से मतदान में कमी आयी, बारिश के वजह से मझिगावां पंचायत के बूथ संख्या 175 पानी से भर गया, जिस वजह से मतदान कर्मियों व मतदाताओं को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के वजह से मतदाता अपने घरों से दूसरे पहर में कम निकलें।

## आरकेपीएस, गढ़वा सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत



### सत्यम बना स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आरकेपीएस गढ़वा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।इस परीक्षा में स्कूल के छात्र सत्यम कुमार 89.4% लाकर अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। सत्यम ने कमेस्ट्री विषय में 98 अंक प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सकारात्मक समन्वय और प्रयास से स्कूल का परीक्षाफल हमेशा बेहतर हो रहा है। इस वर्ष स्कूल से विज्ञान विषय से 18 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 14 विद्यार्थी 70% से ज्यादा अंक प्राप्त किए और सभी पास हुए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप पांच विद्यार्थी

1.सत्यम कुमार - पिता - संतोष कुमार - 89.4%
2.स्मिता कुमारी - पिता - संजय विश्वकर्मा - 84.8%
3.वैष्णवी जयसवाल - पिता - अवधेश जयसवाल - 84%
4.अभिषेक कुमार - पिता - रामसागर पासवान - 80.8%
5.श्रेया श्रुति - पिता - शशिकांत तिवारी - 79.6%

## बीएसकेडी पब्लिक स्कूल का दसवीं की परीक्षा में रहा बेहतर परिणाम



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में बी एस के डी पब्लिक स्कूल गढ़वा से कुल 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लिए। जिसमें विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें जुलकर नयन 92 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बना, जबकि 91% लकार अनुपम कुमारी स्कूल की सेकंड टॉपर बनी। जबकि शेष विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक संजय सोनी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को बधाई दी। वहीं विद्यालय की प्राचार्य रीना कुमारी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त किये सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाइयां देते हुए कहा कि जो बच्चे कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं सफलता उनके कदम चूमती है। दसवीं की परीक्षा में उतीर्ण सभी बच्चों को बधाइयां देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## डाक मतपत्र कोषांग

–: आम सूचना –:

कार्यालय आदेश ज्ञापांक 148/डा0म0को0, दिनांक 06–05–2024 के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि/समय एवं सुविधा केन्द्र अधिष्ठापित किया गया था।

उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सुविधा केन्द्र वार डाक मतपत्र से मतदान करने का समय निर्धारण निम्न प्रकार किया जाता है :–

| क्र0 | सुविधा केन्द्र का नाम | डाक मतपत्र से मतदान की तिथि | डाक मतपत्र से मतदान का समय | लोकसभा क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (01) | FC - I (यूआई.डी. कार्यालय, समाहरणालय, कोडरमा, झारखंड) | दिनांक 26–05–2024 से 27–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी, पलामू, दुमका, गोड्डा, राजमहल एवं अन्य) |
| (02) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–01) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (कोडरमा लोकसभा) |
| (03) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–02) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (कोडरमा लोकसभा) |
| (04) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–03) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (कोडरमा लोकसभा) |
| (05) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–04) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी एवं वाहन कोषांग (कोडरमा लोकसभा) |
| (06) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–05) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (हजारीबाग एवं जमशेदपुर, लोकसभा क्षेत्र) |
| (07) | FC - II (अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड, कोडरमा) (कमरा न0–06) | दिनांक 12–05–2024 से 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | मतदान पदाधिकारी, Sector Officers/SST/ VST/FST/ कोषांग के पदाधिकारी (चतरा, गिरिडीह, राँची एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र) |
| (08) | FC - III (पुलिस अधीक्षक, कार्यालय, कोडरमा के नीचला तल्ला (Ground Floor) | दिनांक, 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 एवं 26–05–2024 से 27–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | पुलिस कर्मी एवं होमगार्ड (सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, हजारीबाग, चतरा, जमशेदपुर, रांची, गोड्डा, राजमहल एवं दुमका लोकसभा क्षेत्र) |
| (09) | FC - IV (सभागार रक्षित कार्यालय, पुलिस केन्द्र, चंदवारा, जिला–कोडरमा | दिनांक, 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | पुलिस कर्मी एवं होमगार्ड (कोडरमा, गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र) |
| (10) | PVC :- (यू.आई.डी. कार्यालय, समाहरणालय, कोडरमा, झारखंड) | दिनांक, 14–05–2024 से 16–05–2024 तक | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक | आवश्यक सेवा के कर्मी |

नोट :– सभी मतदाता मतदान करने के लिए अपने साथ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करें।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.324740 Election(24-25):D

# वोटरों में मतदान को लेकर उत्साह, लगी लंबी लाइनें

**लोहरदगा लोकसभा चुनाव में 62.60 प्रतिशत मतदान**

**सूरज निकलने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लग गयी थी**

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** देश के चौथा व झारखंड के पहले चरण के लोकसभा चुनाव के दौरान सोमवार को लोहरदगा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुआ। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लगभग 62.60 फीसदी मत डाले गए। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच धीमी गति से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दोपहर के बाद जोर पकड़ता गया। सुबह के 7-9 बजे के बीच 11.82 फीसदी मतदान से मतदान की शुरूआत हुई, जो 9-11 बजे के बीच 27.77 प्रतिशत, 11-01 बजे के बीच 43.4 प्रतिशत, 1-3 बजे के बीच 56.72 प्रतिशत, 3-5 बजे के तक 62.60 फीसदी पहुंचकर समाप्त हुई। लेकिन 5 बजे तक लाइन में लगे मतदाताओं का वोट संपन्न होने के बाद यह आंकड़ा बढ़ सकता है।

वही लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 324 मतदान केंद्रो पर लगभग 65.90 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अपने चहेते उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाले। इधर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सूरज निकलने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लग गयी थी। इनमें महिला, युवा और वृद्धों की संख्या भी काफी अधिक थी।

गर्मी के बावजूद लोग सबसे पहले वोट देने को लेकर मतदान केंद्रों में पहुंच चुके थे। केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गये हैं। पर्याप्त जांच के बाद ही मतदाताओं को अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। किसी भी मतदाता को कोई परेशानी ना हो इसके लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गयी थी। ग्रामीण इलाकों में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा था। अपनी प्रतीक्षा की बारी में मतदाता काफी समय तक खड़े रहने के बावजूद अपना वोट डालकर ही मतदान केंद्र से बाहर निकल रहे थे। युवा और पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा था। लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है। निष्पक्ष मतदान के क्रम में इवीएम में आयी गड़बड़ी के कारण जिले के कई बूथ पर कंट्रोल और बैलेट यूनिट बदलकर मतदान प्रक्रिया शुरू करायी गयी। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर संयुक्त रूप से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जैप, आईआरबी, एपीएस और अर्द्धसैनिक बल पर थी।

झारखंड राज्य में पहले चरण के अन्तर्गत लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए सुदूर देहाती एवं जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में भी शुरूआत में धीमा मतदान हुआ परंतु बाद में मतदाताओं की लंबी कतार देखी गयी। मतदान के लिए बने कलस्टर प्वाइंट पर मतदानकर्मियों को चुनाव के दो दिन पूर्व ही भेजा गया था। साथ ही जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केंद्रों व कलस्टर प्वाइंट पर सुरक्षा बलों की तैनाती मतदान के लगभग एक पखवाड़े पहले से ही कर दी गयी थी। जिसके कारण उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदाताओं के हौसले बुलंद हुए।



### पहली बार वोट देने आये युवक-युवतियों में दिखा ज्यादा उत्साह

**लोहरदगा।** पहली बार मतदान कर रहे युवक-युवतियों में खासा उत्साह देखा गया। कई बूथों पर मतदाता पहचान-पत्र होने के बावजूद मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रहे। वोट डालने के लिए कहीं पर सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी तो कई स्थानों पर मतदाताओं के बीच हो-हल्ला होता रहा। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया में काफी देर बाद मतदाताओं का आना शुरू हुआ। कुछ एक केंद्रों पर तो मतदान शुरू होने के पहले से ही मतदाताओं का आना शुरू हो गया था। मतदान का सुखद पहलू यह रहा कि शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिला मतदाता घर की दहलीज से निकल मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया मतदान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा में हो रहे मतदान के तहत सोमवार को निवर्तमान राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा बालिका मध्य विद्यालय बूथ संख्या 281 पर पहुंचकर अपना मत का प्रयोग किया। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि देश का सबसे बड़ा पर्व लोकतंत्र है। इसलिए मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना मतदान किया। झारखंड में चार लोकसभा सीट पर मतदान हो रहा है। राज्यसभा सांसद ने कहा की लोग अपना मतदान अवश्य करे और आज लोकतंत्र का बड़ा पर्व है। इसलिए सभी लोग अपना मत का अधिकार को समझे और अपना मत का प्रयोग अवश्य करें। ताकि हमारा देश दुनिया में विश्वशक्ति बन कर उभरे और देश मजबूत बन सके। इधर रणजी खिलाड़ी व लोहरदगा डिस्ट्रीक आईकॉन, आशीष कुमार ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में अपना मतदान करने के बाद लोगो से अपील किया कि वे मतदान केंद्र जाये, अपना मत सुनिश्चित करे और लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बने।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत ने किया मतदान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने अपने परिवार के साथ बूथ संख्या 266 में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने जनता से बड़ी संख्या में बूथ पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उनके साथ बड़े भाई दुर्गा भगत, उनकी पत्नी अनुपमा भगत, बेटा अभिनव सिद्धार्थ मौजूद थे।






## खड़गे ने केएन त्रिपाठी को वोट देने की अपील की, कल्पना सोरेन भी रहीं साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** चतरा लोक सभा के चुनावी रैली में लातेहार जिला के कुंदरी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कल्पन सोरेन ने लोगों से आपील की कि महागठबंधन के प्रत्याक्षी के एन त्रिपाठी के पक्ष वोट करें और भारी मतों से विजयी बनायें। वही इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, लातेहार विधानसभा के विधायक वैद्यनाथ राम, मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मानस सिंह लातेहार जेएमएम के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव राजद के जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव पलामू जिला अध्यक्ष रंजन उर्फ बिट्टू पाठक चतरा जिला के जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे समेत हजारों लोग इस सभा में मौजूद थे।




### चुनाव की झलकियां



जिला नियंत्रण कक्ष में मतदान प्रतिशत की पल-पल की स्थिति का अवलोकन करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण।



सुविधा के अभाव में 3 किलोमीटर पैदल चलकर आये मतदाता।



बेटे के साथ मतदान करने पहुंची वृद्ध।

## लोहरदगा के बूथों पर महिलाओं ने जम कर किया मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों में अहले सुबह से ही महिला और पुरुष मतदाताओं की अलग-अलग लंबी लाइन लग गयी थी। साढे छः बजे सुबह तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लंबी होती गयी। निर्धारित समय 7 बजे से मतदान कार्य शुरू किया गया। मतदान केंद्रों में विभिन्न आयु वर्ग के महिला और पुरुष मतदाताओं का उत्साह देखते बन रहा था। मई की गर्मी मौसम को देखते हुए लोग सुबह-सुबह मतदान करने के लिए आतुर रहे। मतदाताओं की भारी भीड़ मतदान केंद्र में पहुंचने के कारण सुबह 9 बजे तक लगभग 12 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया। धूप की तपिश बढ़ाने के बावजूद, मतदाताओं के उत्साह में कमी नहीं रही। दोपहर में प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदान केंद्रों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर में मतदान केंदों में अपेक्षाकृत भीड़ कम हो गयी। अपराह्न लगभग 3 बजे के बाद फिर मतदान केन्दों में मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी। शहरी क्षेत्र के कई मतदान केन्दों में शाम 5:00 बजे के बाद भी मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। पोलिंग पार्टी उन्हें कैंपस में लेकर मतदान केंद्र का गेट लॉक किया। केंद्र के भीतर जाने वाले सभी मतदाताओं की वोटिंग देर शाम तक किया गया।



## 2019 की तुलना में 2.18% घटा मतदान

**15 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद**

**लगभग 62.60 प्रतिशत मतदान, लोहरदगा विस क्षेत्र में रिकार्ड 65.90 प्रतिशत मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लोकसभा क्षेत्र में लगभग 62.60 प्रतिशत मतदान हुई जबकि, लोहरदगा विस क्षेत्र में रिकार्ड 65.90 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। वही लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के मांडर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62.08 प्रतिशत, सिसई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62.07 प्रतिशत, गुमला विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62.30 प्रतिशत, विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60.71 प्रतिशत रहा। इस बार पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा क्षेत्र में 2.28% व विधानसभा क्षेत्र में 4.14% मतदान प्रतिशत घट गया। 2019 के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लगभग 64.88 प्रतिशत मतदान हुई थी जबकि विधानसभा क्षेत्र में लगभग 70.14 प्रतिशत मतदान हुआ था। बूथ पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का भी बखूबी इंतजाम किया गया। स्काउट गाईड व एनएसएस के प्रतिनियुक्त दिव्यांग मित्र पीडब्ल्यूडी व वृद्ध मतदाताओं के सहयोग में तत्परता से डटे रहे। प्रत्येक बुथ पर दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को प्राथमिकता देते हुए उनसे मतदान कराया गया। लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नये व वृद्ध मतदाताओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं मतदाताओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक बुथ पर पुलिस बल सहित अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। गौरतलब हो कि लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े है। वर्तमान में गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), अर्जुन टोप्पो ( निर्दलीय), अर्पण देव भगत (निर्दलीय), चमरा लिंडा (निर्दलीय), पवन तिग्गा (निर्दलीय), मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय), रंजीत भगत (निर्दलीय), सनिया उरांव (निर्दलीय) और स्टेफन किंडो (निर्दलीय) चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन सभी प्रात्यशियो की किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी है।

## इवीएम में आयी तकनीकी खराबी, स्लो वोटिंग की रही शिकायत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के दौरान इवीएम के स्लो होने की शिकायत शहरी व ग्रामीण इलाकों के प्रायः मतदान केन्दों में मतदाताओं ने किया। इवीएम की तकनीकी स्लो होने के कारण मतदान प्रतिशत कम होने की चर्चा है। आम मतदाताओं की शिकायत रही कि विधानसभा में ईवीएम मशीन में एक वोटिंग करने पर 35 से 40 सेकंड न्यूनतम लग रहा था। वीवीपैट पर डिस्प्ले 15 सेकंड में देखने के बावजूद, इवीएम मशीन में 15 सेकंड तक प्रत्याशी के बगल में दबा बटन का लाल बत्ती जलता रहा। अपेक्षाकृत लंबे समय तक लाल बत्ती जलने से मतदान की गोपनीयता भंग होने का भय मतदाता को लगता था। शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 282, 285, 288, 207, 168 समेत अन्य बूथों में मतदाता एवं के अपेक्षाकृत स्लो काम करने की शिकायत कर रहे थे। मौके पर कई मतदाताओं ने कहा कि ईवीएम के माध्यम से पूर्व में किये गये मतदान में इतना समय कभी नहीं लगता था।

## जनजातीय परंपरागत जीवनशैली की झलकियों पर बने बूथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड मे अवस्थित टाकू मतदान केंद्र मे सरहुल थीम पर आधारित बूथ मे मतदाताओं को पारम्परिक नृत्य, गीत संगीत के साथ स्वागत कर तथा परछावन करके मतदान केंद्र तक ले जया गया। जिससे मतदाताओं का मनोबल और उत्साह मे बढ़ोतरी देखी गयी। लोग बढ़ चढ़ कर मतदान कार्य मे भाग लेते देखे गये। चुंकि इससे पूर्व तीन चरणों के लोकसभा चुनाव मे वोट प्रतिशत मे लोगों की उदासीनता देखी गयी थी और वोट प्रतिशत भी कम हुआ था। इसी के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देश तथा जिला उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारीश बीन जमां के पहल पर जिला के कई बूथ मे मतदाताओं को आकर्षित करने और वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सरहुल थीम पर आधारित बूथ बनाया गया। जनजातीय क्षेत्रों मे परंपरागत जीवनशैली की झलकियां प्रदर्शित बूथ निर्माण किया गया था।



## भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ मुरपा मोड स्थित होंडा शोरूम परिसर में चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का चुनाव कार्यालय का विधिवत नारियल फोड़ और फीता काट कर मंत्रोचारण के बीच हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बालूमाथ भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू गिरधारी यादव रामजी सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू जी विशेष रूप से रहे। मौके पर प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी, बरियातू मंडल अध्यक्ष लव सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र सिन्हा, भाजपा नेता शिवमंडल सिंह एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद समेत दर्जनों भाजपायी मौजूद रहे।

## अनोखे अंदाज में प्रचार कर रहे निर्दलीय राम सिंह




कुतुबुद्दीन

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी और फिल्मी दुनिया के लेखक राम सिंह ने सोमवार को बारियातू मुख्यालय मे लगने वाली साप्ताहिक बाजार मे अनोखा अंदाज से प्रचार अभियान चलाया। जिसे देखने के लिए बाजार में पहूंचे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। निर्दलीय प्रत्याशी राम सिंह और उसकी पत्नी फिल्मी दुनिया की गायिका मेघा ने तख्ती पर बड़े अक्षर में नाम व चुनाव चिन्ह बना कर मतदाताओं को सप्ताहिक बाजार, दुकानदारों और डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। दोनों पति-पत्नी बारिश में भींग कर प्रचार करते दिखे। राम सिंह ने कहा कि 20 वर्षों तक हम दोनों पति-पत्नी मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। मैं झारखंड का जल जंगल जमीन की रक्षा को लेकर यह चुनाव लड़ रहा हूं। मेरा मुख्य उद्देश्य है कि क्षेत्र के लिए बेहतर विकास करने का मौका मिले।

## बिजली की आंख मिचौली से मतदान कर्मी और मतदाता परेशान रहे



**कुडू (आजाद सिपाही)।** यह दृश्य देखने को मिला बुथ संख्या 139,140 में मतदानकर्मी खिड़की एवं वेंटिलेटर की रौशनी मतदान कार्य संपादन कर रहे थे। सुबह मतदान कार्य शुरू होने के पहले बिजली नहीं थी। इतने बड़े चुनावी महापर्व में बिजली न रहे सवाल उठेगा हीं। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू को इसकी सूचना दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग से बात करते हैं तब कहीं जाकर सात बजे के बाद बिजली आपूर्ति की गयी। लेकिन बिजली आना जाना तो कभी लो वोल्टेज की समस्या बरकरार रही। खैर कुडू प्रखंड में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## भंडरा में वज्रपात से बच्चे की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागाई में रविवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात से एक बालक की मौत हो गयी। मृत बालक की पहचान बड़ागाई निवासी सुबोध उरांव के पुत्र मोहित उरांव (12 वर्ष) के रुप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि मोहित उरांव अपने दोस्तों के साथ बड़ागाई ईटा भट्ठा के समीप खेत में खेल रहा था। इस दौरान बारिश होने पर पेड़ के नीचे बच रहा था। तभी वज्रपात की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने मोहित को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक में मोहित को मृत घोषित कर दिया।

# लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 62.06 प्रतिशत लोगों ने किया वोट

आजाद सिपाही संवाददाता







**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। इस बार 13 में को हुए इस मतदान में मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महा पर्व में जमकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। प्रात : 7:00 से शुरू हुए इस मतदान दिवस में संध्या 5:00 बजे तक कुल 62.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। पांच विधानसभा वाले इस लोकसभा क्षेत्र में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 65.9 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे नंबर पर मांडर विधानसभा क्षेत्र में 62. 08 प्रतिशत मतदान किया गया। तीसरे नंबर पर सिसई विधानसभा के मतदाता रहे, जिन्होंने 62. 07 प्रतिशत मतदान किया। चौथे नंबर पर रहे गुमला विधानसभा के मतदाता। इन्होंने 62.1 प्रतिशत मतदान कर इस महापर्व में अपनी भागीदारी दिखाई। मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र में रहा। बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में 60.71प्रतिशत मतदान किया गया। इस प्रकार पूरे लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 62.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

पहले दो घंटे यानी प्रातः 07:00 से 09: 00 बजे तक 10.58 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि प्रातः11:00 तक 27.77 प्रतिशत वोटिंग हो गई थी। दोपहर 1:00 बजे तक 43.4 प्रतिशत, अपराह्ण 3:00 तक 56.72 प्रतिशत , और अंतिम समय संध्या 05:00 बजे तक 62.06 प्रतिशत मतदान हुआ।

**अगर दिन भर की बात विधानसभा वार की जाए तो आंकड़े ये बताते हैं**

**बिशुनपुर विधानसभाः** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में दिनभर के मतदान का रेश्यो कुछ यूं रहा। प्रातः 07:00 से 09: 00 बजे तक 9.68 प्रतिशत, प्रातः11:00 तक 29.33 प्रतिशत, दोपहर 1:00 बजे तक 44 प्रतिशत, अपराह्ण 3:00 तक 56.02 प्रतिशत , और अंतिम समय संध्या 05:00 बजे तक 60.71 प्रतिशत मतदान हुआ।

**सिसई विधानसभाः** इधर सिसई विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 07:00 से 09: 00 बजे तक 9.94 प्रतिशत, प्रातः11:00 तक 25.74 प्रतिशत, दोपहर 1:00 बजे तक 44.16 प्रतिशत, अपराह्ण 3:00 तक 57.87 प्रतिशत , और अंतिम समय संध्या 05:00 बजे तक 62.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

**गुमला विधानसभाः** गुमला विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रातः 07:00 से 09: 00 बजे तक 12.83 प्रतिशत, प्रातः11:00 तक 28.01 प्रतिशत, दोपहर 1:00 बजे तक 44.02 प्रतिशत, अपराह्ण 3:00 तक 57.10 प्रतिशत , और अंतिम समय संध्या 05:00 बजे तक 62.03 प्रतिशत मतदान हुआ।

**लोहरदगा विधानसभाः** लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सुबह की अपेक्षा दोपहर में अच्छी वोटिंग हुई। प्रातः 07:00 से 09: 00 बजे तक 11.82 प्रतिशत, प्रातः11:00 तक 27.96 प्रतिशत, दोपहर 1:00 बजे तक 42.22 प्रतिशत, अपराह्ण 3:00 तक 56.88 प्रतिशत , और अंतिम समय संध्या 05:00 बजे तक 65.9 प्रतिशत मतदान हुआ।

**मांडर विधानसभाः** मांडर विधानसभा क्षेत्र में भी वोटिंग का प्रतिशत सामान्य ही रहा। इस विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 07:00 से 09: 00 बजे तक 10.78 प्रतिशत, प्रातः11:00 तक 27.69 प्रतिशत, दोपहर 1:00 बजे तक 42.08 प्रतिशत, अपराह्ण 3:00 तक 55.95 प्रतिशत , और अंतिम समय संध्या 05:00 बजे तक 62.08 प्रतिशत मतदान हुआ।

# वोट डालने जा रहे दंपति की सड़क हादसे में मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के कसमार स्थित दामकोम मोड़ के पास बाइक व पिकअप के सीधे भिड़त में निरासी हरैया निवासी नागदेव उराव 45 वर्ष पत्नी सतमीला देवी 35 वर्षीय की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई सुखदेव उरांव ने बताया कि मेरे भैया और भाभी सोमवार सुबह मतदान करने के लिए मोटरसाइकिल से बनालात आए हुए थे। तभी मतदान केंद्र में बताया गया कि बिना आईडी प्रूफ के आप मतदान नहीं नही कर सकते हैं। जिसके उपरांत पहचान पत्र लाने उक्त दोनों बाइक में अपने गांव हरैया गये थे। जहां से पुनः मतदान केंद्र बनालात आ रहे थे तभी दामकोम मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक सवारी पिकअप से सीधे भिड़ंत हो गयी। राहगीरों के द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया जहां चिकित्सा कौन है उक्त दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर बिशुनपुर पुलिस दोनों शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया।

# घाघरा में 58.41 प्रतिशत वोटरों ने किया मतदान

विकाश साहू



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सोमवार की सुबह 7:00 से ही मतदान प्रारंभ हो गया था। जहां मतदाता घाघरा प्रखंड के सभी बूथों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए और शांतिपूर्ण मतदान करते हुए शाम 5:00 बजे तक मतदान कराया गया। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर्मियों ने अपनी कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करते हुए शांतिपूर्ण मतदान कराया जिसमें घाघरा प्रखंड में 58.41 प्रतिशत का मतदान हुआ। इस क्रम में मतदाता कड़ी धूप में कतारबद्ध होकर धैर्य के साथ बारी-बारी से अपने मत का प्रयोग करते दिखे। कई बूथों में तो महिला मतदाता छाता लेकर लाइन में खड़े थे। जबकि ईवीएम में टेक्निकल इश्यू के कारण मतदान देरी से प्रारंभ हुई। बावजूद सभी महिला पुरुष मतदाता धैर्य का परिचय देते हुए कड़ी धूप का सामना भी किया और मताधिकार का प्रयोग कर इस लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनायें।

**सुदरवर्ती बूथों में चाक चौबंध व्यवस्था में दिखे सुरक्षाकर्मी**

प्रखंड के सुदरवर्ती क्षेत्र के बूथों में सुरक्षा चाक चौबन्ध व्यवस्था में कराया गया। इस क्रम में सुरक्षा के जवान अपने हथियार से लैस होकर मतदान में अपनी भूमिका निभाते नजर आएं। संदेह होने पर सुरक्षा कर्मी पूछताछ के बाद ही संतुष्ट होकर लाइन में लगाने का कार्य करते दिखे।

**नए मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग कर हुए काफी खुश**

लोकतंत्र के इस महापर्व में कई नए मतदाताओं ने काफी खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार के वोट में अपनी अधिकार का प्रयोग करके हमें काफी प्रसन्नता महसूस हो रही है।

# बिशुनपुर के 59 बूथों में 62.62 प्रतिशत हुआ मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड में लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस महापर्व में प्रखंड के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। प्रखंड के अति सुदूर वर्ती नक्सल प्रभावित हाड़ूप कलस्टर जहां ग्रामीणों के द्वारा सड़क निर्माण नहीं होने के कारण वोट बहिष्कार का ऐलान किया गया था। वहां भी प्रखंड प्रशासन व स्थानीय मीडिया कर्मियों की पहल पर लोगों ने बढ़ चढ़कर अपना मतदान किया वही। हाड़ूप क्लस्टर में प्रशासन के द्वारा पोलिंग पार्टी को हेलीकॉप्टर के माध्यम से क्लस्टर तक पहुंचाया गया जहां मतदान संपन्न होने के उपरांत सभी मतदान कर्मी एवं एबीएम मशीन को सुरक्षित हेलीकॉप्टर से कल ले जायगा । मतदान को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह था यही वजह था कि सुबह 7:00 बजे से ही सभी मतदान केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमडने लगी थी जो शाम 5:00 बजे तक जारी रहा।

**सभी बुथों चिकित्सा सेवा और पानी की व्यवस्था की गयी थी**

प्रखंड प्रशासन के द्वारा लगभग सभी बुथों मैं पानी चिकित्सा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी सीआरपीएफ जिला बल सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शांतिपूर्ण मतदान के लिए क्षेत्र में मुस्तैद थे।

# मतदाता घरों से निकले, जमकर हुई वोटिंग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में इस बार घरों से निकले मतदाता और जमकर वोटिंग हुई। सुबह 7 :00 से ही वोटिंग के लिए मतदाताओं का आने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा कई बूथों पर 5 :00 बजे के बाद भी मतदाता लाइन में देखे गए। कड़ी धूप होने के बावजूद मतदाता घरों से निकाल कर वोट देने पहुंचे। वही काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई।कई स्थानों पर देर से वोटिंग शुरू हुआ वही राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता पोलिंग बूथ के आसपास सक्रिय नजर आए और अपने प्रत्याशी के लिए वोट जुगाड़ करने की फिराक में दिखे।

# चैनपुर सहित नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी वोटिंग



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड में सुबह 7 बजे से वोटिंग आरंभ हुआ छिटपुट घटनाओं के बीच 64 प्रतिशत मतदान चैनपुर प्रखंड में हुआ प्रत्याशियों का मतदान चैनपुर सहित नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी वोटिंग हुई। सुबह के 7 बजे से ही बूथों पर लंबी लाइन लगी है। महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग वोटर्स में काफी उत्साह दिखाई दी। इस साल कई नए मतदाता का नाम लिस्ट में शामिल किया गया है। नए मतदाताओं ने कहा कि वह इस बात को लेकर काफी रोमांचित है कि अब सरकार बनाने में उनकी भी अहम भूमिका होगी। अच्छी सरकार की उम्मीद में पहली बार उन्होंने ईवीएम मशीन का बटन दबाया। पहली बार वोट डालने की खुशी इन मतदाताओं के चेहरे से झलक रही थी कई तो पूजा पाठ करने के बाद वोटिंग सेंटर आये थे। आज के युवा को पता है कि उनका एक वोट देश की तरक्की के लिए कितना महत्वपूर्ण है ऐसे में अपनी जिम्मेदारी निभाकर हुई खुशी उनके चेहरे से झलक रही थी। चैनपुर में कई वोटिंग सेंटर पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है लोग मतदान के बाद यहां तस्वीर लेकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं।

# 10 वीं और 12 वीं के सीबीएसइ का रिजल्ट जारी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** 10 वीं और 12 वीं के सीबीएसई सोमवार को जारी किया गया। जिसमें घाघरा प्रखंड के जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। मैट्रिक में निशांत उरांव 459, स्नेहा सिंह 453, नूतन कुमारी 436, शिवानी रानी कुमारी 431, अनसेलेम कांडुलुना 426, आईएससी में आयुष कुल्लू 476, सुजीत कुमारी 448, खुशी कुमारी 440, खुशी दहंगा 433, अमित तुरी 429, कला में कृति कला 456, प्रमोद प्रजापति 456, आकांक्षा गिधि 431, स्मिता कुजूर 430, प्रभात किंडो 428 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डुमरी में कुल 21800 वोटरों ने डाला वोट



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** प्रखंड में लोहरदगा लोकसभा चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान शुरू होने से पहले बूथ संख्या 35 में मशीन कुछ देर के लिए ठप रहा तो वहीं बूथ संख्या 39 में एक घंटा तक मशीन खराब रहने से मतदान करीबन एक घंटे तक बाधित रहा जिस कारण से मतदाता परेशान रहे सभी बूथों में सुबह से मतदान करने लोगों की लंबी कतार लगी रही लोहरदग लोकसभा क्षेत्र के ईरावल स्कूल बूथ संख्या 1 के उतरी भाग में दोपहर 12.26 बजे तक वोटिंग 300, दाछिनी भाग में 12.25 बजे तक 306, जैरागी स्कूल बूथ संख्या 7 में दाछिनी भाग में एक बजे तक 407, उतरी भाग बूथ संख्या 8 में 422, नटावल स्कूल बूथ संख्या 21 में 10.15 बजे तक 188. सिरसी बूथ संख्या 11 में 11 बजे क्रमशः उतरी भाग में 242, दक्षिणी भाग बूथ संख्या 12 में 277 मतदान हो चुका था अकासी पिरहाडीपा स्कूल में बूथ संख्या 13 में 11.15 बजे तक 286, अकासी आरसी प्राथमिक स्कूल उतरी भाग में बूथ संख्या 14 में 11.33 बजे तक 363, दच्छिनी भाग बूथ संख्या 15 में 11.55 बजे तक 303 मतदान हो चुका था।

# वोट बहिष्कार वाले क्षेत्र में भी 60 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिशुनपुर के पाठ क्षेत्र के सेरका पंचायत में स्थित हाड़ूप गांव के मतदाताओं ने वोट नहीं करने का फैसला लिया था। जिसे देखते हुए सेरका पंचायत के अन्य गांव के ग्रामीणों ने भी वोट बहिष्कार का नारा लगाया था। जिला प्रशासन की पहल से उक्त क्षेत्र में लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन करते हुए वहां के मतदाताओं को वोट करने हेतु प्रेरित किया। उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों की शिकायत थी कि उनके गांव तक पहुंचने के लिए आवागमन हेतु अच्छी सड़क नहीं है, उनकी समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से उन्हें सड़क निर्माण जल्द ही कराए जाने के संबंध में अश्वस्थ्य किया गया साथ ही वहां विभिन्न स्वीप गतिवधि का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। परिणामस्वरूप सेरका पंचायत अंतर्गत जालिम, केचकि, हाड़ूप,बिशुनपुर एवं सेरका ग्रामों अंर्तगत मतदाताओं ने भी इस बार मतदान किया। सेरका पंचायत अंतर्गत जालिम स्थित मतदान केंद्र संख्या 133 में 43.66 प्रतिशत, केचकी स्थित मतदान केंद्र संख्या 134 में 52.92 प्रतिशत, हाड़ूप स्थित मतदान केंद्र संख्या 135 में 54.67प्रतिशत,, विशुनपुर स्थित 136 में 64.20प्रतिशत,एवं सेरका स्थित मतदान केंद्र संख्या 137में 62.69प्रतिशत मतदान किया गया। ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार छोड़ कर अपने मतदाधिकार का उपयोग किया और लोकतंत्र पर आस्था जतायी।

# पालकोट में 67.98% मतदान



ॉआजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट प्रखण्ड में कुल मतदान 67.98% मतदान हुवा जिसमे कुला 41978 वोट पड़ा जिसमे महिला 19886 पुरुष 22092 वोट किए। लोकसभा चुनाव के तहत खूंटी लोक सभा अंतर्गत मतदान करने के लिए प्रखण्ड के नागरिकों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया, 74 मतदान केंद्रों पर मतदातों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया प्रसाशन की ओर से सभी बूथों पर पुलिस पदाधिकारी, पुलिस व दंडाधिकारी तैनात किए गये थे। सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कुल 58 .85 प्रतिसत मतदान हुआ सुबह से ही। लोग लाइन में लगकर मतदान कियो दोपहर में भीड़ कम नही हुई लेकिन शाम होते होते फिर रफ्तार पकड़ लिया। शांति पूर्ण तरीके से मतदान हुआ सुबह 7 बजे से 9 बजे तक महिला मतदातों ने 34 81 और पुरुष मतदाओं ने 4095 कुल 40 95 12.27 पर्सेंट मतदान किया जबकि 11 बजते बजते 29.24% प्रसेन्ट मतदान हुआ वही 7 बजे से 1 बजे तक मे यह प्रसेन्ट बढ़ कर 46.73 में पहुँच गया। जबकि 3 बजते बजते पर्सेंट में बहोत्री हुई मतदान केंद्रों में युवाओं व आम लोगो की काफी लंबी कतार लगी मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए कतार में लगकर मतदान किए प्रसाशन द्वारा मतदातों को लंबी कतार में इंतजार नही करना पड़े इसके लिए अलग -अलग प्रतीक्षा कक्ष बनाये गए थे।

# 77 बूथों में कुल 64.80 प्रतिशत हुआ मतदान



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में लोक तंत्र का महापर्व आसन्न चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। लोग अपने मनपसंद प्रत्याशी के पक्ष में वोट कर काफी हर्षित नजर आये। निर्धारित समय के अनुसार 7 बजे सुबह से ही संबंधित बूथों में मतदात्ताओं कई लंबी कतारें देखी गई। इन कतारों में सबसे अधिक महिलाएं सामिल थी। धूप की तपिश अधिक न बढ़ न जाये यह सोचकर समय से पहले लोग मतदान केंद्र पहुंचे। भरनो में कुल 77 बूथों में कुल 64 .80 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर प्रखण्ड प्रसाशन और पुलिश प्रसाशन अलर्ट रहे बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजर भरनो थाना प्रभारी अरबिंद कुमार और करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी लगातार बूथों का दौरा कर विधि ब्यवस्था का जायजा लिया। पुरुष मतदात्ताओं की अपेक्षा महिला मतदाता प्रखण्ड में भारी दिखाई दिए। भरनो में 7 से 9 बजे तक 8, 4 प्रतिशत, 9 से 11 बजे तक 24, 42 प्रतिशत 11 से 1 बजे तक 42, 12 प्रतिशत 1 से 3 तक 57 प्रतिशत और 3 से पांच बजे तक 64 , 8 प्रतिशत वोट पड़ा। इन मतदात्ताओं 1007 नए वोटर अपने मतदान का प्रयोग किया जीनमें अधिकांस किशोरियां सामिल थी जो पहली बार वोट देकर काफी उत्साहित लग रही थी।

# बिशुनपुर का जमटी गांव : जहां कल तक नक्सलियों की तूती बोलती थी

**नक्सलियों को दंड स्वरूप 500 रुपये दो, फिर मतदान करो**

**वोट देकर लौटने पर मिलेंगी नक्सलियों की पांच लाठियां**

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर का सबसे संवेदनशील इलाका जमटी, बनालात और जोरी। सिर्फ दो वर्ष पहले तक यह ऐसे क्षेत्र थे जहां परिंदा भी पर मारने से पहले नक्सलियों की इजाजत लिया करता था। लेकिन आज की स्थिति कुछ ऐसी बनी हुई है की ग्रामीण निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। सबसे हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि आज ग्रामीण नक्सलियों के वर्चस्व वाले दिनों को विकास के लिए काला अध्याय मानते हैं । आजाद सिपाही की टीम जमटी गांव पहुंचती है। जहां से चंद किलोमीटर के फासले पर एक पहाड़ श्रृंखला मिलती है और पहाड़ श्रृंखला को पार करते ही हम प्रवेश कर जाते हैं लातेहार जिला में। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि गुमला जिले के बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी छोर का सबसे अंतिम बूथ है जमटी। इसी जमटी गांव के बूथ के ठीक सामने बरगद के पेड़ के नीचे एक बड़ा सा चबूतरा बना है जहां कुछ पुलिसकर्मी अपने हाथों में असलहा लेकर बूथ और मतदाताओं की सुरक्षा में तैनात दिखाई देते हैं। मीडिया की टीम भी इस चबूतरे पर पहुंचती है। टीम कुछ ग्रामीण से बात करती है। बात करने पर ग्रामीण माओवादी नक्सलियों की अजीब अजीब खौफनाक कहानियां सुनाते हैं।ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि यह वही चबूतरा है जहां पहले चुनाव में पुलिस जवानों की तैनाती के बावजूद नक्सली अपने दस्ते के साथ यहां आकर बैठ जाते थे और यह कहते थे कि चुनाव में वोट देने वाला व्यक्ति पहले ?500 दंड स्वरूप नक्सलियों के पास जमा करेगा। फिर वह मतदान करने जाएगा और मतदान कर लौट के बाद उसे नक्सलियों की पांच लाठियां खानी पड़ेगी। नक्सलियों के वोट बहिष्कार का पर्चा चुनाव के चार दिन पहले ही लिख कर दीवारों पर साट दिया जाता था। ग्रामीणों में नक्सलियों के प्रति इतनी दहशत हुआ करती थीं कि भारी सुरक्षा के बावजूद कोई नक्सलियों के इस फरमान के विरुद्ध खड़ा होने की हिम्मत नहीं करता था। वैसे जब मीडिया की टीम बिशुनपुर से जोरी होते हुए बनालात के लिए रवाना हुई तो उसे समय हम लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि जोरी का यह वही पुल है जिस पुल को नक्सलियों ने बम से उड़ा दिया था और सालों साल यहां का आवागमन बिल्कुल ठप हो गया था। और बनालात व उसके आसपास के गांव अपने प्रखंड मुख्यालय से बिल्कुल कट से गए थे। जिन्हें बहुत अधिक आवश्यकता होती थी वह किसी प्रकार जोरी नदी पार करते थे और कुछ दूर पैदल चलने के बाद उन्हें बिशनपुर प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए कोई साधन मिला करता था। मगर आज इस जोरी नदी पर एक शानदार पुल तैयार है । बनालात को नक्सली सबसे सेफ जोन इसीलिए मानते थे कि जोरी नदी का पुल उन्होंने बम से उड़कर बनालात तक पहुंचाने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। किसी को भी बनालात पहुंचने के लिए पैदल नदी पार करना अनिवार्य हो गया था। जिससे नक्सलियों को समय रहते सूचना मिल जाया करते थे की कोई भी पुलिस या मिलिट्री जवान जवान उधर आ रहे हैं। साथ ही नक्सलियों की संख्या उस समय इतनी हुआ करती थी कि वह पुलिस के दस्तों पर हमला कर दिया करते थे। उस समय उनके हौसले भी सातवें आसमान पर थे । नक्सलियों के वरीय कमांडर भी अक्सर बनालात और इसके आसपास के जंगलों में ही शरण लिया करते थे। लेकिन तत्कालीन उपायुक्त श्रवन साय और एसपी भीमसेन टूटी की सूझबूझ और बनालात एक्शन प्लान के बाद नक्सलियों की कमर इस क्षेत्र में टूट गई। जोरी नदी पर पुल बना, और पुलिसिया गतिविधि इतनी बढ़ाई गई कि अब इस क्षेत्र से नक्सलियों का लगभग सफाया हो चुका है। आज स्थिति काफी बदली हुई है। ग्रामीण नक्सलियों के जुल्म की दास्तान कैमरे के सामने आकर बोलने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं। निर्भीक होकर मतदान कर रहे हैं, और विकास के मुद्दे पर खुलकर अपने विचार रख रहे हैं। यह बदलाव बहुत पुराना नहीं बल्कि सिर्फ 2 साल के अंदर का है।

# लोहरदगा लोकसभा चुनाव, दे गया कई हादसों का घाव, कई मौत, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय से सटे चंदाली के समीप अज्ञात बाइक की टक्कर से 67 वर्षीय वृद्ध की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी दोनों जोड़ा टांड़ से वोट देकर अपने घर लौट रहे थे। तभी अज्ञात बाइक सवार उसे टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया गुमला थाना की पुलिस ने शव को सदा अस्पताल पहुंचाया।

दुसरी घटना बिशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेती गांव के समीप दो बैल की लड़ाई में ऑटो पलट गया घटना में ऑटो में बैठी बेती निवासी भागामुनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई उसका सिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जानकारी के मुताबिक तीन महिलाएं वोट देकर ऑटो से अपने घर लौट रही थी।

चैनपुर में वोट देकर घर लौट के क्रम में दुपट्टा बाइक के पिछला चक्का में फंसने से एक गर्भवती महिला घायल हो गई। किसकी पहचान टीन टांगर चैनपुर निवासी 19 वर्षीय सुजाता लकड़ा के रुप में हुई। जानकारी के मुताबिक छतरपुर के समीप उसका दुपट्टा बाइक के पिछला चक्का में फस गया जिसके बाद वह घसीटते हुए काफी दूर चली गई वहीं पेट में उसका 6 माह का गर्भ भी है सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

### चुनाव के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पर सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम, नये मतदाताओं में दिखा उत्साह

# पलामू लोस के गढ़वा में सबसे अधिक 62.74 फीसदी मतदान, डीसी-डीडीसी ने डाले वोट

## पलामू से 6 विधानसभा क्षेत्रों में हुआ मतदान

| विधानसभा | प्रतिशत |
|---|---|
| डालटनगंज | 60.62 |
| विश्रामपुर | 58.60 |
| छत्तरपुर | 59.20 |
| हुसैनाबाद | 55.03 |
| गढ़वा | 62.74 |
| भवनाथपुर | 62.11 |

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा पर सोमवार को छिटपुर घटनाओं को छोड़ शांति पूर्ण मतदान हुआ। मतदाता गर्मी में भी कतारबद्ध होकर अपना मत देने की प्रतीक्षा करते देखे गये। खास कर पलामू के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था के आगे लोकतंत्र के इस महाकुंभ में कहीं से कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हुई। ग्रामीणों क्षेत्रों और अति संवेदनशील बूथों पर पलामू पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था थी। हर बूथ पर के 100 मीटर के दायरे में किसी भी पार्टी के लोगों द्वारा मजमा लगाना सख्त मना था।




पलामू लोकसभा केंद्र के अलग-अलग बूथों पर अपना-अपना मतदान करने के बाद उंगली में लगी स्याही दिखाते डीसी, उनकी पत्नी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

### नये मतदाताओं में दिखा उत्साह

पलामू लोस चुनाव में 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। युवा वर्ग के मतदाता चाहे किसी भी दल से वोट देते वक्त काफी प्रसन्नचित्त दिखे। उन लोगों का कहना था कि आज तक हम लोग केवल दूसरों को वोट देते देखा करते थे, लेकिन जब हम लोगों को मतदान का नंबर आया तो यह काफी खुशी हो रही है। यह यादगार पल रहेगा। दूसरी ओर, सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने अपनी पत्नी श्रेया श्रुति संग पलामू क्लब स्थित बूथ संख्या 205 पर मतदान किया। वहीं, डीडीसी रवि आनंद व मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने भी सामूदयिक भवन में बूथ संख्या 204 पर जाकर अपना मतदान किया। वहीं, बूथ नंबर 189 ब्राह्मण उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रवि कुमार ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में आज सब काम छोड़कर मतदान करने की अपील की।

## जनहित व देश हित में आगे भी काम होंगे आनंद शंकर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर द्वारा की गई पहल 'ई-रिक्शा मित्र' काफी कारगर साबित हुई। वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए निःशुल्क घर से बूथ तक लाने-ले जाने की सुविधा दोपहर 12 बजे तक 454 लोगों को दी जा चुकी थी। यह सेवा शाम पांच बजे तक दी गई। चेंबर के ई रिक्शा प्रभारी पुनीत सिंह एवं भोलू उपाध्याय ने बताया कि चेंबर अध्यक्ष द्वारा 95 ई-रिक्शा निःशुल्क चलाए जा रहे हैं और पांच रिक्शा स्टैंड बाय में रखा गया है। लोगों ने हमारी इस सेवा को काफी सराहा है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया भविष्य में भी जनहित एवं देश हित में ऐसे कार्य चेंबर द्वारा किए जाएंगे। चेंबर द्वारा संचालित ई-रिक्शा मित्र के माध्यम से 3264 बुजुर्ग असहाय दिव्यांग एवं गर्भवती महिलाओं को सुविधा दी गई।

## झारखंडी की सभी 14 लोस सीटे जीतेंगें : डॉ शशिभूषण



### कालीचरण सिंह की जीत को लेकर लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं के साथ ही बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** लोकसभा चुनाव देख सभी राजनीतिक पार्टियां चुनावी बिसात बिछाने में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई और पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता सोमवार को पांकी पंहुचे। उन्होंने चुनावी कार्यालय में सांगठनत्मक बैठक कर चतरा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण मतदान के लिए कालीचरण सिंह की भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दिए। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि सिमरिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ देख वे (प्रधानमंत्री) काफी खुश दिखे। उन्होंने ट्वीट कर चतरा वासियों को धन्यवाद दिया। सिमरिया के कार्यक्रम से पूरे झारखंड का महौल बदल गया। झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में आ रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नहीं चुनौती है। पांकी विधानसभा से अबकी बार दो लाख पार से प्रत्यासी जीत दर्ज करेंगें। वहीं, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने पांकी प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और कई सुझाव दिए। साथ ही मतदाताओं को गोलबंद करने की रणनीति तैयार की। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते होते हुए कहा कि आर्थिक भ्रष्टाचार में डूबे लोग खुद को बचाने के लिए चुनाव जितने का दावा कर रहे है। उन्होंने कहा कि कालीचरण सिंह रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन मंडल महामंत्री सत्यनारायण यादव ने किया। मौके पर पांकी विधानसभा प्रभारी घूरन राम, प्रेम सिंह, प्रो बचन ठाकुर, किशलय तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, विजय ठाकुर, मंजू लता दूबे, अरविंद प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, साधु मांझी, शत्रुघ्न सिंह, श्यामानंद ओझा, कार्तिक सिंह, लाला यादव आदि उपस्थित थे।

## कथारा डीएवी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कथारा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई ने सत्र 2023 -24 के 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा फल सोमवार को घोषित हुआ। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया। 12वीं कक्षा में विद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा दीपिका ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की है। वहीं हिमांशु शाह ने 95 प्रतिशत, राबिया हक ने 94.6 प्रतिशत, सैयद इब्राहिम ने 93 प्रतिशत एवं शिवली तेजल ने 92.6 प्रतिशत प्राप्त कर क्रमश दूसरे, तीसरे, चौथे, और पांचवें, स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अलीना नाज ने 92 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त की है। निष्ठा तोमर ने 90 प्रतिशत एवं रिया सिंह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। दसवीं बोर्ड के परिणाम में विद्यालय की छात्रा मान्या ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की है। पलक प्रिया ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और आस्था ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान प्राप्त किया।

# हुसैनाबाद में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, मतदाताओं में दिखा उत्साह

### पुलिस प्रशासन रही सक्रिय, पलामू एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ ने लिया कई बूथों का जायजा

### वोटर आइडी रहते हुए भी कई मतदाता रह गये मतदान से रहे वंचित



बूथ का जायजा लेते पलामू एसपी रिष्मा रमेशन।



बूथ संख्या 127 पर कतारबद्ध नए मतदाता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को पलामू लोकसभा केंद्र के हुसैनाबाद क्षेत्र में शांति पूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह रहा। जबकि निर्भिक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए स्थानीय प्रशासन व मतदान कर्मी दिनभर सक्रिय रहें। क्षेत्र में चुनाव के निर्धारित समय से पूर्व ही सभी बूथों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी थी। मतदान का समय शुरू होते ही मतदाताओं की संख्या कतार में जुटने लगी। लू व गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें नए मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। इसके अलावे बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता भी अपने-अपने मतों का प्रयोग किये। हुसैनाबाद क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर लोग निर्भिक होकर अपने-अपने घरों से निकलकर मत का प्रयोग किये। शांतिपूर्ण मतदान के लिए एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, सीओ पंकज कुमार, एलआरडीसी गौरांग महतो, थाना प्रभारी अनिल कुमार समेत पुलिस के जवान सक्रिय रहें। वहीं, मतदाता सूची को लेकर भी कई मतदाता परेशान दिखे। उनके पास मतदाता पहचानपत्र तो था, लेकिन मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं था, जिस कारण वे मतदान नहीं कर सके। मतदान को लेकर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पदाधिकारियों को कई निर्देश दिया। वहीं, मतदाताओं से विर्भिक होकर मतदान करने की अपील की।

## युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह बुजुर्ग और दिव्यांग भी जोश में



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार को 61 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव आयोग के समयानुसार मतदान को लेकर सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। हालांकि कई ऐसे बूथों पर मतदाताओं का रुझान शुरू से ही कम देखने को मिला। बुजुर्ग मतदाता भी सभी दिक्कतों के बावजूद पूरे उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे थे। मतदान केंद्रों पर इस बार बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा था। उन्हें पहुंचते ही मतदान कर्मी प्राथमिकता देते हुए मतदान करा रहे थे। उधर उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमार अरविन्द बेदिया लगातार मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे थे। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने इस बार 80 फीसदी मतदान का लक्ष्य रखा था। जिसके तहत हरिहरगंज प्रखण्ड में 59 फीसदी ही मतदान हो सका। जबकि हरिहरगंज प्रखण्ड में 55820 मतदाताओं के लिए 61 बुथ बनाया गया है। विदित हो की मतदान से पहले प्रशासनिक अधिकारियों ने वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर तरह का जागरूकता अभियान चलायी गई थी।

# सतबरवा में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान, चौकन्ना रहे जवान

सतबरवा प्रखंड के बारी मध्य विद्यालय के बूथ संख्या 318 पर 70 वर्षीय भगवती मांझी पिता बंसी मांझी को जीवित रहते उन्हें मृत घोषित कर दिया गया और वोट नहीं देने दिया गया। भगवती मांझी ने बताया कि वोट देने गए तो वहां बैठे अधिकारी वोट नहीं देने दिए कहे की आपका नाम वोटर लिस्ट से हट गया है।

### सतबरवा में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ

पलामू लोकसभा अंतर्गत सतबरवा प्रखंड के कुल 21 बूथों पर 12079 (65.88 प्रतिशत) मतदान हुआ। जबकि कुल मतदाताओं की संख्या 18336 थी। वहीं सुरक्षा दुरूस्त देखी गई।



## स्पोर्ट्स



पंजाब किंग्स और इंग्लैंड के अलराउंडर खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टन पीबीकेएस के कैंप से वापस इंग्लैंड लौट गए हैं। वे जून मों हेने वाले टी-20 वर्ल्डकप से पहले अपने घुटने री तोट ठीक कराने के लिए यह फैसला लिया है।

# पंजाब किंग्स के खिलाड़ी लियम लिविंगस्टन इंग्लैंड लौटे

### सोशल मीडिया पर दी जानकारी, घुटने की चोट के कारण लिया फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स और इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टन पीबीकेएस के कैंप से वापस इंग्लैंड लौट गए हैं। जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले अपने घुटने की चोट ठीक कराने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आइपीएल' का एक और सीजन खेलने का मौका मिला। आगामी वर्ल्ड कप के लिए मुझे अपने घुटने पर ध्यान देने की जरूरत है। पंजाब किंग्स के फैंस को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद। एक टीम और व्यक्तिगत रूप से हमारे लिए एक निराशाजनक सीजन, लेकिन हमेशा की तरह मैने इस सीजन का हर मोमेंट एंजॉय किया।



### चोट के कारण मिस किए थे शुरूआती मैच

लिविंगस्टन पिछले दो सालों में कई मांसपेशियों से जुड़ी चोट का सामना करना पड़ा है। वहीं, पिछले महीने वे आइपीएल सीजन के शुरूआती दो मैच नहीं खेल पाए थे। बाद में उन्हें पंजाब ने प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया था, लेकिन गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद वह टीम में लौट आए थे। इस सीजन लिविंगस्टन पंजाब के लिए इम्पैक्ट लाने में असफल रहे। उन्होंने 7 पारियों में 22.20 की औसत से 111 रन बनाए, और कुल 12 ओवर में तीन विकेट लिए।

### यह इंग्लिश खिलाड़ी मिस करेंगे आइपीएल प्लेऑफ

पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलने के लिए सात इंग्लिश खिलाड़ी आइपीएल प्लेऑफ से पहले स्वदेश लौटेंगे। इसमें जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), मोइन अली (चेन्नई सुपर किंग्स), जॉनी बेयरस्टो, सैम करन (दोनों पंजाब किंग्स), विल जैक, रीस टॉपली (दोनों रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और फिल सॉल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी आइपीएल का प्लेऑफ मिस करेंगे।

### पंजाब प्लेऑफ की रेस से हो गई है बाहर

पंजाब किंग्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। 12 मैचों के बाद टीम की 4 जीत और 8 हार के साथ 8 पॉइंट्स है। पंजाब के दो लीग मुकाबले बाकी है, जिसमें टीम का सामना 15 मई को फ्फ़ और 19 मई को रफ्ल़ के खिलाफ होगा। हालांकि लियम लिविंगस्टन की इंजरी सीरियस नहीं है। लिहाजा वे इस महीने पाकिस्तान के खिलाफ 4 टी-20 मैचों की सीरीज में हिस्सा ले सकते है। 22 मई से इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ 4 टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है।

# पाकिस्तान दूसरे टी-20 में आयरलैंड से 7 विकेट से जीता, सीरीज 1-1 की बराबरी पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन टी-20 मैचों की सीरीज में वापसी की है। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। पहला मैच आयरलैंड ने पांच विकेट से अपने नाम किया था। सीरीज का निर्णायक मुकाबला 14 मई को खेला जाएगा। आयरलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाए। पाकिस्तान ने 194 रन के लक्ष्य को 19 बॉल शेष रहते तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। कप्तान बाबर आजम फेल रहे और खाता भी नहीं खोल सके। मोहम्मद रिजवान ने 46 गेंद में 75 रन की नाबाद पारी खेली। बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की यह 78 मैचों में 45वीं जीत है। इसके साथ ही वह दुनिया के सबसे कामयाब टी-20 कप्तान बन गए हैं। उनके रहते हुए पाकिस्तान की टीम को 26 मैचों में हार मिली है, जबकि सात मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला। बाबर ने युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा का रिकॉर्ड तोड़ा। ब्रायन की कप्तानी में युगांडा ने 44 मैच जीते थे।

### आयरलैंड की खराब शुरूआत

पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की खराब शुरूआत रही। उसके दो विकेट 34 रन पर ही गिर गए। ओपनर एंड्रयू बलबिरनी 34 रन के स्कोर पर शाहीन अफरीदी की गेंद पर फखर जमान को कैच देकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 14 गेंदों का सामना कर 16 रन बनाया। कप्तान पॉल स्टर्लिंग भी 7 गेंदों का सामना कर 11 रन बना कर आउट हो गए। उस समय टीम का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 34 रन था।

लोर्कन टकर और हैरी टेक्टर के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों 62 रन की पार्टनरशिप हुई। लोर्कन 34 गेंदों का सामना कर 51 रन बनाए, जबकि हैरी टेक्टर ने 28 गेंदों का सामना कर 32 रन की पारी खेली। आयरलैंड के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी हैरी टेक्टर और कर्टिस कैम्फर के बीच 22 गेंदों पर 41 रन की हुई। कैम्फर ने 13 गेंदों का सामना कर 22 रन बनाए। वहीं, पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए। अब्बास अफरीदी ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद अमीर और नसीम शाह को 1-1 विकेट मिले।

इससे पहले 194 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की खराब शुरूआत रही। पाकिस्तान को पहला झटका पहले ओवर की तीसरी गेंद पर 6 रन के स्कोर पर लगा। सैम अयूब 3 गेंदों में 6 रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान बाबर आजम भी 4 गेंदों का सामना कर बिना खाता खोले ही पवेलिन लौट गए। उसके बाद दूसरे ओपनर मोहम्मद रिजवान और फखर जमान ने तीसरे विकेट के लिए 78 गेंदों पर 140 रन की साझेदारी कर पाकिस्तानी पारी को संभाला और जीत दिलाई। रिजवान ने 46 गेंदों पर 75 रन बनाया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# 25 मई को धनबाद की जनता ढुल्लू महतो के हर जुल्म का देगी जवाब: अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह का तूफानी जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। सोमवार की सुबह से ही अनुपमा सिंह जनसंपर्क में जुट गई। उन्होंने सबसे पहले चासनाला स्थित कल्याणेश्वर मंदिर में पूजा कर मत्था टेका और क्षेत्र की जनता के लिए सुख-शांति की कामना की। उसके बाद चासनाला सरकारी अस्पताल के समीप उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने फिर एकबार भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो पर जुबानी हल्ला बोला। कहा कि ढुल्लू महतो लोगों से कहते फिर रहें कि वे गरीब का बेटा हैं। मैं पूछती हूं कि किस गरीब के बेटे के पास करोड़ रूपए हैं। क्या किसी गरीब के उपर 50-50 मुकदमे दर्ज होते हैं। ये तो जनता जनार्दन बेहतर समझती है। ढुल्लू महतो को धनबाद की जनता 25 मई को उपयुक्त जवाब देगी। अनुपमा सिंह ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका एकमात्र उद्देश्य है। विस्थापितों के मुद्दे पर कहा कि लोकसभा चुनाव जीतते ही वो इस समस्या पर काम करना शुरू कर देंगी। विस्थापन की समस्या को दूर करने के लिए हर मोर्चे पर काम करेंगी। उन्होंने क्षेत्र में प्रदूषण, भू-धंसान की समस्या समेत रोजगार के मुद्दे को भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मतदान करना आपका अधिकार है। इसे जाया नहीं जाने दें। मतदान वाले दिन सभी मतदाता जरूर वमतदान करने जाएं। उन्होंने असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांसद बनते ही मजदूरी को दो गुणा किया जाएगा। अनुपमा सिंह ने कहा कि लोडिंग प्वाइंटों से वर्चस्व की लड़ाई को खत्म कराते हुए सभी को बराबर का अधिकार दिलाया जाएगा। उधर, अनुपमा सिंह का कारवां डिगवाडीह बुढ़ीबांध के पास पहुंचा, जहां उन्होंने जनसभा की। फुसबंगल मस्जिद के समीप आयोजित जनसभा में कहा कि अल्पसंख्यकों के अधिकार को किसी भी कीमत पर छिनने नहीं दिया जाएगा। यह देश सभी का है और सभी को बराबर का दर्जा दिया जाएगा। इसके अलावे पाथरडीह कोल वाशरी, पाथरडीह रेलवे गेट, सुदामडीह मेन कॉलोनी, रिभर साईड, झरिया मारवाडी श्याम मंदिर, झरिया लाल बाजार, चासनाला सउथ कालोनी, चासनाला मोड़, चासनाला बी टाइप, चासनाला न्यू मोती नगर, शिमलाबहाल बस्ती आदि में जनसभा एवं तूफान जनसंपर्क अभियान चलाया।



## धनबाद के लिए ढुल्लू महतो जहर के समान हैं, अनुपमा सिंह की जीत पक्की: संतोष सिंह



धनबाद (आजाद सिपाही)। आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत पथुरिया पंचायत के वरीयो पथुरीया, शिवपुर, पथुरीया बस्ती, सहित विभिन्न गांवों एवं टोला में प्रचार किया। मतदाताओं ने हाथ छाप में वोट देकर कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह को विजयी बनाने की अपली की। इस दौरान पथुरिया पंचायत सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान भी चलाया और जनसभा को भी संबोधित किया। कहा कि भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो सर्व समाज के लिए धनबाद में जहर के समान हैं। संतोष सिंह ने कहा कि ढुल्लू महतो ने खुद भाजपाई भी आहत व नाराज हैं। यही कारण है कि धनबाद लोस सीट पर कांग्रेस की लहर है। आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल रही है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। लोग आर्थिक संकटों से जूझ रहे है। देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। इसके बावजूद मोदी सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं। जबकि कांग्रेस हमेशा गरीबों व वंचितों युवाओं-महिलाओं और बेरोजगारों की बात करती है। उनके हक और अधिकार के लिए कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा रहती है। देश में दलित व गरीबों की सबसे बड़ी दुश्मन भाजपा है। कहा कि संविधान और अपने अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट देकर विजयी बनायें। मौके पर पथुरिया के मुखिया अनवर अंसारी, पिंटू तुरी, दिलीप दास, तपन सपन गोराई, किस्टो मल्लिक, राजू रजवार, संजय तुरी, नसीम अंसारी और जलाल अंसारी आदि उपस्थित थे।

### धनबाद लोस के एनडीए प्रत्याशी ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट देने की अपील की

# विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं, सिर्फ झूठे आरोप के बल पर लड़ रहे चुनाव : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धर्म-जाती के भेदभाव से ऊपर उठकर जो व्यक्ति राष्ट्र निर्माण के लिए 24 घंटों काम कर रहा उसके लिए आप अपने कीमती मत का प्रयोग करें। विपक्ष के झूठे व मनगढ़ंत बातों पर विश्वास ना करें। उक्त बातें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने कही। वे सोमवार को जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। ढुल्लू महतो ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इन भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नकेल कस रखी है। हर भ्रष्टाचारी को जेल जाना पड़ रहा है। हम सभी को मिलकर नरेंद्र मोदी जी को उनके इस मुहिम में साथ देना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। उनके पास केवल तथ्य विहीन आरोप है। इसी लिए झूठे व मनगढ़ंत आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। धनबाद भाजयुमो की बैठक में शामिल होकर ढुल्लू महतो ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को मौका देती है।



जनसंवाद कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करते ढुल्लू महतो।

हमारी पार्टी में जो योग्य हैं उसे पार्टी मौका देती है। विपक्ष की तरह परिवारवाद की राजनीति नहीं करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विपक्ष यह भी नहीं बता पा रही कि चुनाव जीतकर आमजनों के लिए क्या किया। इसके अलावा धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंवाद कर ढुल्लू महतो ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को एक-एक कर गिनवाया। साथ ही लोकसभा चुनाव में सब के विकास से राष्ट्र निर्माण के संकल्प सिद्धि के लिए मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इसी क्रम में ढुल्लू महतो ने धनबाद के बोकारो बार एसोसिएशन में अधिकवक्ताओं से मुलाकात की और बरवाअड्डा स्थित निरंकारी भवन पहुंच का आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत बलियापुर पूर्वी के दर्जनों स्थानों पर जाकर महिलाओं, बुजर्गो व आम जनों का स्नेह और आशीर्वाद लिया। वहीं, बैठक में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने ढुल्लू महतो को जिताने और मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन, सामाजिक संपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी मानस प्रसुन्न आदि मौजूद थे।

## लोस चुनाव में निजी स्वार्थ के लिए साथ आये हैं इंडी गठबंधन के नेता : चंद्रशेखर अग्रवाल




- कहा- जिनके पास नेतृत्वकर्ता ही नहीं, वो देश का क्या भला करेगा
- ढुल्लू महतो को भारी मतों से जीताकर नरेंद्र मोदी जी हाथों को मजबूत करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा केंद्र से भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार करते हुए सोमवार को निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर केंद्र की मोदी सरकार और झारखंड की पिछली रघुवर सरकार के साथ ही नगर निगम में अपने कार्यकाल में किए गए विकाश कार्यों को एक-एक कर गिनवाया। साथ ही आरोप लगाया कि झारखंड की वर्तमान सरकार में सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार हुआ है। आरोप लगाया कि रघुवर सरकार में धनबाद में आठ लेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ, जिसे तत्कालिन हेमंत सरकार ने कोरोना का बहाना कर बनाकर रोक दिया। जिसका खामियाजा सड़क बनाने वाली कंपनी को 100 करोड़ रुपये जुर्माना चुनाकर भुगतना पड़ा। झरिया में पानी सफलाई के लिए पाइप लाइन बिछाया जा रहा था, पर उसे भी रोक दिया गया, लेकिन झरिया की कांग्रेस विधायक अनुपमा सिंह ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने राज्य की कांग्रेस-झामुमो गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि अगर हेमंत सोरेन बेदाग होते तो कोर्ट से जमानत मिल गयी होती। पर यहां हालात ऐसे बने हुए हैं कि सरकार में मंत्री के नौकर के घर से करोड़ो रुपये मिल रहे है। कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के पास कोई नेतृत्वकर्ता नहीं है। सिर्फ चुनाव के लिए सभी साथ आए है।

## भाजपा लोस बूथ प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा धनबाद जिला कार्यालय में सोमवार को लोकसभा बूथ प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश संयोजक चंद्र प्रकाश ने विधानसभा समिति से संगठनात्मक रिपोर्ट लिया और शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजक आदि से समन्वय बनाकर काम करने को कहा।

## एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी की जीत के लिए चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** एनडीए प्रत्यासी चंद्र प्रकाश (सीपी) चौधरी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बरई पंचायत में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसकी अगुवाई दीपू अग्रवाल ने की। इस अवसर पर नावाडीह प्रखंड के अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के लिए पूरे विश्व में सबसे अच्छे नेता के रूप में उभरे हैं। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस बार भी गिरिडीह लोकसभा प्रत्यासी चंद्र प्रकाश चौधरी को केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। वहीं सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने कहा कि आपका एक वोट देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करेगा। मौके पर नावाडीह प्रखंड उपाध्यक्ष जगन्नाथ महतो, प्रखंड सदस्य त्रिवेणी महतो, गोनयाटो के पंचायत अध्यक्ष महेंद्र महतो, युवा पंचायत अध्यक्ष कैलाश मंडल, चूल्हा प्रभारी संतोष अग्रवाल, युवा साथी शंकर विद्यार्थी, चूल्हा प्रभारी दीपू मॉडल, चूल्हा प्रभारी सिकंदर मंडल, पंकज मंडल, वीरेंद्र मंडल, चुरामन मंडल और समाजसेवी रेवत साल आदि उपस्थित थे।

## मथुरा महतो के पक्ष में निकाली बाइक रैली

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत क्षेत्र में आइएनडीआइए महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को बाइक रैली निकाली। जिसका नेतृत्व गोविंद लहेरी ने किया। इस दौरान हर गली-गली, घर-परिवार से मिलकर मथुरा महतो के पक्ष में तीर-धनुष चिन्ह पर वोट देकर भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इस मौके पर सुखदेव सोरेन, नीलकंठ सोरेन, सुनील कुमार सोरेन, कुबान अंसारी, छोटू सोरेन, ललीत सोरेन आदि उपस्थित थे।

## सीबीएसइ में झारखंड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर रिजल्ट किया है। 10वीं में प्रियांशु दे व उज्जवल कुमार गुप्ता ने 93 फीसदी अंक लाया। जबकि मो अयान अंसारी ने 92.4 फीसदी अंक लाया। वहीं, 12वीं में रिया रवानी ने 91.4 फीसदी अंक लाया। रितेश कुमार सिंह 85 फीसदी, आकांक्षा शर्मा व शारिक शमसी ने 84 फीसदी अंक लाया। इस दौरान स्कूल के निदेशक अताउर रहमान ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाए मौजूद थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**लोकसभा आम चुनाव – 2024**
**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।**

**आम–सूचना**

मतदाताओं की सुविधा एवं भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित नियमों के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित 19– कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत नए मतदान केन्द्रों के नाम, संख्या एवं संबंधित क्षेत्र की सूची निम्न अनुसार है :–

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | नया मतदान केन्द्र की कमांक संख्या | नये मतदान केन्द्र का नाम | संबंधित गाँव/मुहल्ला/टोला का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 5 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पचौड़ी | मननपुर, पचौडी, मिश्रिचक |
| 2 | | 18 | प्राथमिक विद्यालय मकतब, शिवपुर | शिवपुर मुस्लिम टोला पश्चिम, शिवपुर मध्य |
| 3 | | 21 | प्राथमिक विद्यालय, चांदडीह | चाँदडीह, गांगडीह, नौआचक |
| 4 | | 26 | प्राथमिक विद्यालय, सरबहना | सरबहना पूर्वी, सरबहना पश्चिमी |
| 5 | | 34 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, राउतडीह | राउतडीह, राउतडीह उत्तरी |
| 6 | | 39 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मरचोई (पश्चिम) | मरचोई भुमिहार टोला, मरचोई नाई टोला |
| 7 | | 44 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोहनपुर | मोहनपुर यादव टोला, मोहनपुर राजवंशी टोला |
| 8 | | 50 | मध्य विद्यालय, डेबोडीह (पूर्व) | डेढो, बैगना, छपरी |
| 9 | | 52 | मध्य विद्यालय, नावाडीह (पश्चिम) | नावाडीह, नावाडीह दक्षिणी |
| 10 | सतगावां | 56 | पंचायत भवन, खुट्टा | खुट्टा उत्तरी पश्चिमी, खुट्टा पश्चिमी, खुट्टा पूरबी |
| 11 | | 59 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गाजेडीह (पश्चिम) | गाजेडीह, नगरी, मनोरथडीह |
| 12 | | 61 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मथुराडीह | मथुराडीह, जगनीडीह |
| 13 | | 63 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कलीडीह | कलीडीह, गरगोहिया, मसनिया |
| 14 | | 65 | प्राथमिक विद्यालय नन्दुडीह बालक | पचमोह, मटुकडीह, नन्दुडीह |
| 15 | | 69 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोठियार (पश्चिम) | खजुरिया, मुर्गीयाचक, गोसईतरी, करमातांड,नावाडीह, गरडीह |
| 16 | | 74 | पंचायत भवन, अम्बाबाद | अम्बाबाद, अम्बाबाद डेघवातरी |
| 17 | | 76 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तुरिया टोला, खवासडीह | खिरिकला, खवासडीह, भुलाडीह, मोहनरिया |
| 18 | | 80 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तिलैया बस्ती | तिलैया बस्ती पासवान टांला, डंडुवाडीह, झरनाकुण्ड बिरहोर टोला, रंगरंगवा मुंडा टोला |
| 19 | | 88 | उर्दू मध्य विद्यालय, असनाबाद (पश्चिम) | असनाबाद, राँची पटना रोड, टी०ओ०पी० गली–1, राणा महल्ला |
| 20 | | 90 | जे०एस०एल०पी०एस० कार्यालय प्रखण्ड परिसर, तिलैया | गुरूद्वारा रोड झुमरी तिलैया, भादानी रोड, महुआटांड, हटिया रोड, लोहानी गली, खुदरा पट्टी, स्टेशन रोड |
| 21 | | 101 | सी०एच० उच्च विद्यालय (पश्चिम) | विद्यापुरी |
| 22 | | 103 | सी०एच० उच्च विद्यालय (उत्तर) | रामलखन कॉलेज गली, रांची पटना रोड, सीएच स्कूल रोड, गुमो बरवाडीह |
| 23 | | 112 | नव प्राथमिक विद्यालय, मोरीयावां | मोरियावा यादव टोला, मुस्लिम मुहल्ला, राणा टोला |
| 24 | | 114 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, यदुटांड | गौशाला रोड पूर्वी यदुटांड, यदुटांड पश्चिम |
| 25 | कोडरमा | 116 | सी०डी०बालिका उच्च विद्यालय, पानी टंकी रोड़, झुमरी तिलैया (उत्तर) | अम्बेदकर नगर, शिवशक्ति नगर |
| 26 | | 118 | सी०डी०बालिका उच्च विद्यालय, पानी टंकी रोड़, झुमरी तिलैया (दक्षिण) | अम्बेदकर नगर, मड्डुवाटांड, गौशाला रोड |
| 27 | | 123 | तहसील कचहरी –सह– आंगनबाड़ी केन्द्र भादोडीह | मस्जिद गली |
| 28 | | 127 | बी०एस०एन०एल० झुमरी तिलैया, पोस्ट ऑफिस परिसर | बिशुनपुर, सीडी कॉलोनी |
| 29 | | 129 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, नरेश नगर, तिलैया | नरेश नगर, मड्डुवाबारी |
| 30 | | 131 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेलदार मुहल्ला, झुमरी तिलैया (उत्तर) | रोहिनियाटांड, राजपुरा, नरेश नगर |
| 31 | | 139 | नव प्राथमिक विद्यालय, गुमो मुस्लिम टोला | माइक नाईट |
| 32 | | 141 | सामुदायिक भवन चित्रगुप्त नगर तिलैया | माइक नाईट |
| 33 | | 143 | गांधी उच्च विद्यालय, झुमरी तिलैया (पश्चिम) | गाँधी स्कूल रोड,, गाँधी नगर, पटेल नगर |
| 34 | | 147 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कुम्हार टोला, गुमो | ठाकुर मुहल्ला, कुम्हार मुहल्ला, पाण्डेय मोहल्ला |
| 35 | | 150 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बड़की गली, गुमो | बड़की गली गुमो |
| 36 | | 152 | बालिका मध्य विद्यालय कोडरमा (पश्चिम) | फुलवरिया, डुमरियाटांड |
| 37 | | 154 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांगीटांड (पश्चिम) | दर्जीचक लखीबागी, दर्जीचक, दर्जीचक रांची पटना रोड, कोडरमा |
| 38 | | 156 | सामुदायिक भवन पाण्डेय टोला लख्खीबागी | बजरंग नगर, बिजली ऑफिस |
| 39 | | 162 | उत्क्रमित मध्य विधालय नगरखारा (पूर्व) | नयाडीह, नगरखारा |
| 40 | कोडरमा | 168 | सामुदायिक भवन, बेहरवाटांड | मड्डवाबारी, सरमटांड, बेहरवाटांड |
| 41 | | 171 | नया भवन प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा (पश्चिम) | छोटकीबागी, शिव मोहल्ला, सहाना रोड, दुधीमाटी |
| 42 | | 173 | नया भवन प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा (उत्तर) | दुधीमाटी, सहाना रोड, निअर एस.वी.आई. बैंक कोडरमा |
| 43 | | 176 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुशहना | रिजर्व, फोरेस्ट, मेद्यातरी |
| 44 | | 187 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाराटोला (पश्चिम) | तिलेटांड, बाराटोला अड़वाड़, अंबाकाला |
| 45 | | 189 | खान सुरक्षा निदेशालय करमा, कोडरमा | करमा कॉलोनी, जेम्स स्कूल, मदीना नगर |
| 46 | | 202 | प्राथमिक विद्यालय नौवाडीह | नौआडीह, नौवाडीह |
| 47 | | 222 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सियारीटांड | महुन्डरा, सियारीटांड |
| 48 | | 228 | पंचायत भवन पाण्डेयडीह | सरौन, पाण्डेडीह (ऊपर टोला) |
| 49 | | 230 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रतिथमाई | रतिथमाय |
| 50 | | 236 | मध्य विद्यालय इन्दरवा (पूर्व) | ढोढ़ाकोला, इंदरवा (ऊपर टोला), इंदरवा (आला टोला), इंदरवा (तांड पार) |
| 51 | | 238 | प्राथमिक विद्यालय चितरपुर | चितरपुर |
| 52 | | 241 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह (पश्चिम) | गेंदवाडीह |
| 53 | | 252 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगड़ो कालीमण्डा (दक्षिण) | पारडीह, ऊपर टोला–1, ऊपर टोला–1 |
| 54 | | 274 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशपुर (दक्षिण) | चौनपुर–1, चौनपुर–2, चौनपुर–3 |
| 55 | डोमचांच | 282 | पंचायत भवन नावाडीह | मिठी कुवां–1, मिठी कुवां–2, खेमनडीह ढाब रोड़ |
| 56 | | 284 | पंचायत भवन बेहराटांड | सरौन, बेहराडीह, ऊपर टोला |
| 57 | | 286 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेहराडीह (दक्षिण) | मंझलीडीह–1, मंझलीडीह–2, नीचे टोला |
| 58 | | 292 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिमरिया (दक्षिण) | सिमरिया, नईटांड, गोल्गो |
| 59 | | 312 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरगाँव (दक्षिण) | यादव टोला–1, यादव टोला–1, नई टोला उ० भाग |
| 60 | | 317 | उच्च विद्यालय, फुलवरिया (पूर्व) | राम नगर, दास टोला, साव टोला |
| 61 | | 319 | उच्च विद्यालय, फुलवरिया (पश्चिम) | अन्नूपूर्णा नगर, नाई टोला |
| 62 | डोमचांच | 321 | प्राथमिक विद्यालय बिगहा (पूर्व) | बिघा, हरिजन टोला |
| 63 | | 324 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरनाडीह (उत्तर) | पुरनाडीह ऊपर टोला, पुरनाडीह मध्य टोला–1, पुरनाडीह मध्य टोला–2, |
| 64 | | 330 | पंचायत भवन खरखार | खरखार, मस्जिद टोला, मांझ टोला, मस्जिद मोहल्ला |
| 65 | | 334 | पंचायत भवन बच्छेडीह | दुधपनिया–1, दुधपनिया–2, टांडपर |
| 66 | | 338 | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुशमई | कुसमई–1, कुसमई–2, कुसमई–3 |
| 67 | | 353 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनेडीह डेमबा (उत्तर) | लालगढ़, लालगढ़ राणा टोला |
| 68 | | 355 | मध्य विद्यालय बेलाडीह | बेलाडीह ऊपर टोला, बेलाडीह नीचे टोला |
| 69 | | 367 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुर्कमनाय (दक्षिण) | मुर्कमनाय टांड दक्षिणी टोला, मुर्कमनाय टांड पश्चिम टोला |
| 70 | | 370 | मध्य विद्यालय देवीपुर (पश्चिम) | देवीपुर ऊपर टोला, देवीपुर बीच टोला |
| 71 | | 375 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबियाडीह | खेशमी, मंझलानगर |
| 72 | मरकच्चो | 380 | मध्य विद्यालय नावाडीह (पश्चिम) | नावाडीह पूर्वी टोला, नावाडीह पश्चिम टोला |
| 73 | | 391 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय कादोडीह (पश्चिम) | कादोडीह पूरब ऊपर टोला, कादोडीह पश्चिम नीचे टोला |
| 74 | | 398 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामु (दक्षिण) | जामु, जामु दक्षिणी टोला, जामु नीचे टोला, जामु ऊपर टोला |
| 75 | | 403 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय दशारोखुर्द (दक्षिण) | दशारोखुर्द मस्जिद मोहल्ला, दशारोखुर्द चौधरी टोला |
| 76 | | 414 | पंचायत भवन मरकच्चो (उत्तर) | लक्षु पहरी पंचायत भवन, मरकच्चो बाजार पर |
| 77 | | 423 | उत्क्रमित बालिका मध्य विद्यालय, कालीमण्डा (पूर्व) | मरकच्चो मध्य मुहल्ला, मरकच्चो पश्चिम मुहल्ला |

विशेष जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के बी0एल0ओ से सम्पर्क करें।

मतदाताओं से अपील है कि मतदान की तिथि 20 मई 2024 को अपने – अपने संबंधित मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान अवश्य करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.324766 Election(24-25):D


### आजसू का गोमिया विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित, शामिल हुए आजसू सुप्रीमो

# समय के साथ हमें भी बदलना होगा, समाज हित में कार्य करना होगा : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया/तेनुघाट।** तेनुघाट स्थित जल संसाधन विभाग के अतिथि गृह में सोमवार को आजसू का गोमिया विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो भी शामिल हुए और वर्तमान परिस्थिति के बारे में संवाद किया। सुदेश महतो ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन वर्तमान में हम लोग कहां है। इसे जानने और चिंतन करने की जरूरत है। कहा कि राजनीति का लक्ष्य सिर्फ वोट लेना नहीं होनी चाहिए, बल्कि कुछ जिम्मेवारी भी बनती है। उन जिम्मेदारियों को निभाया भी जाना चाहिए। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति एक माध्यम होता है। मैं जुनून की लड़ाई के साथ राजनीति में शामिल हुआ और नई तैयारी के साथ आगे बढ़ना है। कहा कि हाल में ही नई शिक्षा प्रणाली आई है। इसमें बहुत बदलाव हुआ है। इसी प्रकार किताबी ज्ञान पर आगे की राजनीति का सामना नहीं कर सकते है। समय बदला है, जरूरत बदली है। समय के अनुसार हमें भी बदलना होगा और समाज हित में कार्य करना होगा। इस कार्य को युवा ही कर सकते हैं। आजसू भी यही कर रही है। पार्टी की तैयारी आनेवाले समय को लेकर है। सबसे पहले रोजगार सृजन पर कार्य करना है और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। कहा कि झारखंड में भी अब विकास के मापदंड प्रारंभ हुआ है और हम आगे बढ़ रहे हैं। गोमिया मेरे लिए एक सपनों का क्षेत्र है, लेकिन यहां के युवा का क्या सपना है यह आगे क्या देखना चाहते हैं क्या बदलाव चाहते हैं। हक और हुकुम की लड़ाई की तैयारी करनी है। झारखंड में सिर्फ हराने और जीताने की राजनीति होती है विकास की नहीं। गोमिया की नवीन पीढ़ी गोमिया को अलग रूप से देखना चाहती है। इस मौके पर गोमिया पेटरवार एवं कसमार के आजसू कार्यकर्ता






# ओड़िशा में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एक साथ आम चुनाव-2024 के चौथे चरण के लिए ओड़िशा के कलाहांडी, कोरापुट, नबरंगपुर और ब्रह्मपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और उनके तहत आने वाली 28 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शुरू हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने राय व्यक्त की है कि इस अवसर पर ओड़िशा में पूरे उत्साह के साथ मतदान हो रहा है। इन चारों संसदीय क्षेत्रों में 7303 मतदान केंद्रों पर लोग मतदान कर रहे हैं। जिन स्थानों पर ईवीएम खराब होती हैं, वहां तत्काल 30 मिनट के अंदर अतिरिक्त ईवीएम लगायी जा रही हैं। धल ने जनता से अनुरोध किया कि वे बिना किसी चिंता के पूर्ण शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करें। मालकानगिरी के स्वाविमान इलाके में आम चुनाव-2019 में बीएसएफ कैंप में मतदान करने वाले लोग अब अपने-अपने बूथ पर मतदान कर रहे हैं।

अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनता से वोट डालने का आग्रह किया है। राज्य पुलिस नोडल अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मतदान पूरी सुरक्षा के बीच चल रहा है।

# पाकिस्तान को चूड़ियां पहना देंगे: नरेंद्र मोदी

## देश को कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार मंजूर नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये देश का चुनाव है, ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। कौन है, जिसके हाथों में हम देश की बागडोर दें, इसका निर्णय करने का चुनाव है। देश, कांग्रेस वाली कमजोर, डारपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता। ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रात को सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। ये इंडी गठबंधन के नेताओं के कैसे बयान आ रहे हैं। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनीं हैं। अरे भाई, पहना देंगे। उनको आटा भी



चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। पीएम मोदी सोमवार को मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट के पताही हवाईअड्डे पर बीजेपी उम्मीदवार राजभूषण निषाद के समर्थन चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री सारण में भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूढ़ी के पक्ष में भी एक रैली को संबोधित करेंगे।












# नक्सल प्रभावित इलाकों में जम कर पड़े वोट, बूथों पर पुलिस की कड़ी नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में आज पहले चरण का मतदान चल रहा है। लांजीगढ़ प्रखंड में सुबह 7 बजे शांतिपूर्ण तरीके से मतदान शुरू हुआ, जबकि नक्सल प्रभावित आदिवासी इलाकों में मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान केंद्र लांजीगढ़ निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लांजीगढ़ ब्लॉक आदिवासी क्षेत्र दुर्गम त्रिलोचनपुर पंचायत में गौड़ थुआगुड़ा सरकारी प्राथमिक विद्यालय और त्रिलोचनपुर



सरकारी उच्च विद्यालय में हैं। बादल छाये रहने के कारण सुदूरवर्ती क्षेत्र के कुटिया कंध आदिम आदिवासी निवासी बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष सुबह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर आये है। प्रीजेडिंग अधिकारी पशुर्राम राउत एवं सुशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि इस मतदान केंद्र पर जहां धूप एवं पेयजल, बिजली, प्राथमिक उपचार आदि की व्यवस्था की गयी है, वहीं मौसम अच्छा रहने के कारण मतदाता सुचारू रूप से मतदान कर रहे हैं।

# सलपांग के ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भवानीपाटना सदर प्रखंड के अंतर्गत युगसाईपटना पंचायत का सलपांग बूथ सुनसान पाया गया। क्योंकि राज्य में आज पहले चरण का मतदान चल रहा था। इस पंचायत के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। इस मतदान केंद्र में सलपांग, बंडमा, कुटुरुसरू, खजुरगुडा, कटलांग आदि गांवों के 472 मतदाता हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने सलपांग गांव में एक पीडीएस केंद्र की स्थापना के साथ अन्य गांवों में बिजली संयोग, पीने के पानी, तालाबों और पंचायत उपखंड तक जाने वाली सड़कों की कमी के कारण मतदान का बहिष्कार किया। युगासाईपटना पहाड़ियों पर रहने वाले इन गांवों के लोग सरकारी चावल लाने के लिए लगभग 60 किमी दूर पंचायत उपखंड में लाने के लिए गाड़ियां किराए पर लेते हैं। इसलिए उन्होंने शिकायत की है कि चावल की कीमत करीब 100 रुपये प्रति किलो पड जाता है। वे लांजीगढ़ ब्लॉक के बेनगांव बाजार पर निर्भर हैं। उन्हें किसी काम के लिए पंचायत उपखंड में आने और वापस जाने के लिए एक गाड़ी किराए पर लेने में एक दिन लगता है। इसलिए, इन गांवों के लोग लंबे समय से पक्की सड़कें, बिजली की आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और यहां तक कि गांव से पंचायत उपखंड और सलपांग के आसपास के गांवों तक एक तालाब खोलने की मांग कर रहे थे। प्रशासन ने इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाने के कारण लोगों ने आज मतदान का बहिष्कार किया। मतदान का बहिष्कार की खबर सुनते ही सदर बीडीओ, पीएआइटीडीए, एबीडिओ प्रमुख की टीम ने गांव जाकर लोगों को समझाया। सूचना मिला है कि इसके बावजूद लोगों ने मतदान नहीं किया।

# अंतरराष्ट्रीय सेविका दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मां का दूसरा रूप है सेविका। जैसे एक मां अपने बच्चे की देखभाल करती है, वैसे ही नर्सों बीमारों की देखभाल करती हैं और उन्हें ठीक करती हैं। इसलिए, नर्सें माताओं के समान हैं, शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की उपाध्यक्ष सुश्री शाश्वती दास ने कहा।

सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल, फुलनखरा कैंपस में अस्पताल के नर्सिंग विभाग द्वारा 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय सेविका दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेते हुए, दास ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस और अंतर्राष्ट्रीय सेविका दिवस एक ही दिन पड़ा है, मां और नर्स दोनों की भूमिका अनोखी होती है। सेवा एक व्रत है और दास ने उन सभी नर्सों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस व्रत से प्रेरित होकर नर्सिंग के महान पेशे को अपनाया है। इस अवसर पर सम हॉस्पिटल फुलनखरा कैंपस के डीन प्रोफेसर (डॉ) अरक्षित स्वाईं ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया और नर्सों के काम की सराहना की और विस्तार से बताया कि वे किस तरह से मरीजों की देखभाल कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। सम्मानित अतिथियों में से एक के रूप में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) राजेश लेंका कार्यक्रम में शामिल हुए और कहा कि नर्सें बेहतर स्वास्थ्य सेवा तभी प्रदान कर सकती हैं जब वे एक-दूसरे के काम की सराहना करें और एक-दूसरे का सहयोग करें। अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक (प्रभारी) कमलिनी मलिक ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम का संचालन किया।

# खोरधारोड में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** समाज में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में निभाने वाली नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने औरसम्मानित करने के लिए, मंडल रेलवे अस्पताल, खोरधा रोड में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस दिन फ्लोरेंस नाइटिंगेल, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग का संस्थापक माना जाता है, की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है,। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उत्सव के दौरान इन रक्षकों (नर्सों)को सलाम करने के उद्देश्य से, खोरधा रोड मंडल रेलवे अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। समारोह के दौरान डॉ पीके दास, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ पीके पटनायक, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, केंद्रीय अस्पताल, मंचेश्वर, उर्मिला दास, सहायक नर्सिंग अधिकारी रेलवे अस्पताल के अन्य डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ पीके दास ने सभी नर्सों को बधाई दी और कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का दिल हैं। नर्सों की निःस्वार्थता और समर्पण पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा है। इस अवसर का जश्न मनाते हुए मंडल रेलवे अस्पताल की सभी नर्सों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल प्रतिज्ञा ली और अपने पेशे का ईमानदारी से पालन करने और समाज के कल्याण के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ ली। मरीजों को फल वितरित किये गये। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम - हमारी नर्सें, हमारा भविष्य- देखभाल की आर्थिक शक्ति को विस्तार से बताते हुए एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गयी।

# अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर ने रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में अंतर-विभागीय खेल टूर्नामेंट-2024 का आयोजन किया। समापन समारोह में संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह ने सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ायी। अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला आरपीएफ-11 और इलेक्ट्रिकल (परिचालन)-11 के बीच खेला गया। इलेक्ट्रिकल (परिचालन) की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 15 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में



आरपीएफ की टीम ने 15 ओवर में 9 विकेट पर 121 रन बनाया। इलेक्ट्रिकल (परिचालन) टीम ने फाइनल मैच 26 रन से जीता। इलेक्ट्रिकल के आशुतोष पति को मैन ऑफ द मैच और इलेक्ट्रिकल के शशिकांत दास को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

आरपीएफ के केके यादव सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और आरपीएफ के अंकित कुमार सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गये। वॉलीबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच आरपीएफ और इंजीनियरिंग टीम के बीच खेला गया। इंजीनियरिंग टीम ने फाइनल मैच जीता। लॉन टेनिस एकल में के नवीन राजू ने जीत हासिल की और युगल में संदीप कुमार और आलोक रंजन पांडा ने जीत हासिल की। बैडमिंटन में तत्वदर्शी साहू और के नवीन राजू ने फाइनल मैच जीता और तैराकी में 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुषों के सीनियर में विजय कृष्ण ने पहला स्थान हासिल किया। 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुषों के जूनियर में सत्यब्रत सेठ ने पहला स्थान हासिल किया। 50 मीटर बटरफ्लाई पुरुषों की सीनियर में लक्ष्मी महाकुड़ ने पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के जूनियर 50 मीटर ब्यूटरफ्लाई एसके साहू ने पहला स्थान हासिल किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल पुरुषों के सीनियर में लक्ष्मी महाकुड़ ने पहला, 100 मीटर फ्री स्टाइल पुरुषों के जूनियर में सत्यब्रत सेठ ने पहला स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर फ्री स्टाइल महिला सीनियर में कुनी प्रधान ने पहला, 50 मीटर फ्री स्टाइल महिला जूनियर में जूलिटा तिर्की ने पहला स्थान हासिल किया। पूजा अग्रवाल ने महिलाओं की 25 मीटर फ्री स्टाइल, बैकस्ट्रोक और बटरफ्लाई स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल अधिकारी डॉ मनोज कुमार बेहरा कार्यक्रम का समन्वयन किया।

# पीएम मोदी के आगमन को लेकर किया जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 मई को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में बिरनी प्रखंड के पेसम में आगमन को लेकर धनवार विधानसभा में पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह दर्जनों गांव का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए लोगों को उपस्थित होने का न्योता दिया। साथ लोगों से कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव में बीजेपी को भारी मतों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें। जनसंपर्क कार्यक्रम में विधानसभा सहयोगी अनिल राय, उदय सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री श्रीकांत राय, लोकेश चौधरी, परमानंद यादव, रामू यादव, किशोर वर्णवाल, कृष्ण वर्मा, सुरेंद्र वर्णवाल, श्याम सिंह, सुनीता देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, रूपा देवी, विमला देवी, लुकनी देवी, सरिता ठाकुर, इंदु देवी सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# गंजाम के तीन पीठासीन अधिकारियों को निलंबन का निर्देश : कर्तव्य में लापरवाही के लिए हुई कार्रवाई

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में आज पहले चरण का मतदान है। ओड़िशा के लोग लोकतंत्र के महान उत्सव में शामिल हुए है। जैसे-जैसे पहले चरण का मतदान शुरू हुआ है, मतदाताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। वे अपना हक जताने के लिए मतदान केंद्र पर जा रहे हैं। हालांकि , चुनाव प्रबंधन में अनियमितताओं के लिए 2 पुलिंग



अधिकारियों को निलंबित किया गया था। अब चुनाव आयोग ने 2 प्रिजेडिंग अधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने बताया कि गंजाम के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश जारी कर दिए गये हैं। गंजाम जिले के छत्रपुर के बूथ संख्या 27 और 163 के प्रिजेडिंग अधिकारी की ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गयी है। गोपालपुर के बूथ संख्या 193 के प्रिजेडिंग अधिकारी को भी निलंबित करने का आदेश दिया गया है।















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**